वर्ष : 32 » अंक : 314 » पृष्ठ : 8 » मुंबई, बुधवार, 31 जनवरी 2024 » RNI: MAHHIN/49994/91 » मूल्य : 3 रुपए » epaper.dobajedopahar.com » संरक्षक : एन. के. पुरोहित » संपादक : अरुण लाल

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

अनमोल विचार आपको जीवन वैसे जीना होगा जैसे आप जीना चाहते हैं : प्रीति जिंटा

आज से शुरू होगा आखिरी बजट सत्र

नई सरकार कार्यभार संभालने के बाद पेश करेगी पूर्ण बजट

अमित बृज । नई दिल्ली

मौजूदा लोकसभा का आखिरी बजट सत्र बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा निचले और ऊपरी सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू हो रहा है और सरकार ने विपक्षी दलों से कार्यवाही के सुचारू संचालन में सहयोग करने का आग्रह किया है।

ये है बजट सत्र का मुख्य एजेंडा

जोशी ने कहा कि 9 फरवरी को समाप्त होने वाले 17वीं लोकसभा के संक्षिप्त सत्र का मुख्य एजेंडा राष्ट्रपति का अभिभाषण, अंतरिम बजट की प्रस्तुति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब के साथ राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस है।

1 फरवरी को अंतरिम बजट

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अप्रैल-मई में होने वाले संभावित लोकसभा चुनाव से पहले 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। नई सरकार कार्यभार संभालने के बाद पूर्ण बजट पेश करेगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संसद में राजनीतिक दलों के नेताओं की एक बैठक में कहा कि सीतारमण जम्मू-कश्मीर के लिए भी बजट पेश करेंगी, जो राष्ट्रपति शासन के तहत है।

विपक्षी नेताओं ने उठाए कई मुद्दे

मंगलवार को संसद में हुई सर्वदलीय बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल समेत 30 पार्टियों के 45 नेता शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई फ्लोर लीडर्स की बैठक के दौरान विपक्षी नेताओं ने कई मुद्दे उठाए।

कांग्रेस नेता के सुरेश ने कहा कि पार्टी सत्र के दौरान बेरोजगारी, उच्च मुद्रास्फीति, कृषि संकट और जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर की स्थिति का मुद्दा उठाएगी।

तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि वित्त मंत्री को अंतरिम बजट में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के कारण पश्चिम बंगाल के लंबित बकाए को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक मुख्यमंत्री को राज्य को केंद्रीय बकाया के समय पर आवंटन की मांग के लिए धरने पर बैठना पड़ा।

समाजवादी पार्टी के नेता एसटी हसन ने पूजा स्थल अधिनियम को मजबूत करने के लिए कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जो 15 अगस्त 1947 को मौजूद धार्मिक स्थलों की स्थिति को स्थिर कर देता है और उनके धार्मिक चरित्र के रखरखाव को सुनिश्चित करते हुए उनके रूपांतरण पर रोक लगाता है।

बजट सत्र से पहले 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सस्पेंड 146 सांसदों का निलंबन रद्द हो गया है। बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक के बाद मंगलवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मैंने केंद्र सरकार की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और राज्यसभा सभापति हरिवंश नारायण सिंह से विपक्षी सांसदों के निलंबन को रद्द करने का अनुरोध किया था। उन्होंने यह निलंबन रद्द कर दिया है। बुधवार (31 जनवरी) से निलंबित सांसद सदन में लौटेंगे। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कुल 146 सांसद सस्पेंड किए गए थे। राज्यसभा से 46 सांसद निलंबित हुए थे। इनमें 35 सिर्फ एक सत्र के लिए सस्पेंड हुए थे। वहीं, 11 सांसदों के सस्पेंशन का मामला प्रिविलेज कमेटी को भेज दिया गया था।

दायित्वनामा

समस्या लाखों हैं तो समाधान करोड़ों

अरुण लाल

क्या हर राज्य का शिक्षा मंत्री इस परिपाटी को आगे नहीं बढ़ा सकता। क्या हर जिले के डीएम को स्कूलों के बच्चों को सम्बोधित नहीं करना चाहिए...? क्या हर स्कूल के मैनेजमेंट को बच्चों से परीक्षा पर चर्चा नहीं करनी चाहिए...? क्या हर माता-पिता को बच्चों को रेस में दौड़ने की सलाह की बजाए सही तरीक़े से पढ़ने, परीक्षा की तैयारियों की सलाह नहीं देनी चाहिए।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय बच्चों के साथ परीक्षा पर चर्चा का सातवां संस्करण पूरा किया। प्रधानमंत्री की यह पहल देश के बच्चों के लिए एक मील का पत्थर है। यहां हर कोई प्रधानमंत्री के इस अभूतपूर्व अभियान की सराहना करता है। प्रधानमंत्री ने बच्चों से कोई ऐसी बात नहीं की जो उनकी या उनके माता-पिता की जानकारी में न हो, पर हर बच्चा उत्साहित था कि भारत के प्रधानमंत्री उन्हें परीक्षा देना सिखा रहे हैं।

यह बात देखने में तो आम लगती है पर इसके परिणाम दूरगामी होंगे। जिन भी बच्चों को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका मिला, उनका और उन बच्चों का भी जिन्होंने संचार माध्यमों से प्रधानमंत्री के परीक्षा के मैनेजमेंट को समझा, मनोबल बढ़ा है।

पर क्या देश की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों ने बीते सात वर्षों में प्रधानमंत्री के इस अनोखे और महत्वपूर्ण कार्य को समझा...? क्या उन्हें प्रधानमंत्री के दायित्वबोध को आगे बढ़ाने के लिए कोई प्रेरणा मिली? क्या किसी ने सोचा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का प्रधानमंत्री अपने व्यस्ततम समय के बावजूद बच्चों के सामने आकर उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं, तो हमें भी अपने स्तर पर यह काम करना चाहिए...?

क्या हर राज्य का शिक्षा मंत्री इस परिपाटी को आगे नहीं बढ़ा सकता। क्या हर जिले के डीएम को स्कूलों के बच्चों को संबोधित नहीं करना चाहिए...? क्या हर स्कूल के मैनेजमेंट को बच्चों से परीक्षा पर चर्चा नहीं करनी चाहिए...? क्या हर माता-पिता को बच्चों को रेस में दौड़ने की सलाह की बजाए सही तरीक़े से पढ़ने और परीक्षा की तैयारियों की सलाह नहीं देनी चाहिए।

हमारे यहां अनुसरण की प्रथा है, पर प्रधानमंत्री के इस अभूतपूर्व कार्य के लिए अभी तक कोई सामने नहीं आया है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू भी बच्चों से बेहद लगाव रखते थे, उन्हें भी उनमें भारत का भविष्य दिखता था, पर उनके साथ के लोगों ने भी उसमें उनका वात्सल्य देखा... इधर भी पिछले 7 वर्ष से लोग यही समझ रहे हैं।

पर दरअसल यह वात्सल्य भर नहीं है..! यह विज़न है जो यदि हर भारतीय समझ ले तो अगले 20 वर्षों में हमारे पास करोड़ों ऐसे बच्चे होंगे जो मानवीय मूल्यों, सकारात्मक विचारों, राष्ट्र प्रेम और आत्मविश्वास से ओतप्रोत होंगे। प्रधानमंत्री ने बच्चों के लिए जो समय निकाला है, उसकी तर्ज पर हर व्यक्ति को अपने अपने हिस्से का समय बच्चों को देना चाहिए। यह दायित्वबोध ही इस समाज और राष्ट्र को बेहतर दिशा में ले जाएगा। आज भारत के सामने बहुत सी समस्याएं हैं, आगे भी होंगी, हमें ऐसे नागरिक तैयार करने हैं, जो हर तरह की समस्याओं से निपटने में सक्षम हों। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि समस्याएं लाखों हैं, तो समाधान करोड़ों। सो हम सभी का दायित्व है कि हम भारत के बच्चों में प्रेम, बंधुत्व, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास भरें।

न्यूज़ ब्रीफ

ईडी को मुंबई में मिला अपना 'घर'

मुंबई। अपनी मुस्तैदी से हजारों करोड़ों रुपये की अवैध संपत्तियों पर शिकंजा कसने वाले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आर्थिक राजधानी मुंबई में एक विशाल घर मिलने वाला है। ईडी को मुंबई में अपने ऑफिस के लिए बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में 362 करोड़ रुपये का प्लॉट आवंटित किया गया है। मुंबई में इस समय ईडी का ऑफिस और स्टोर रूम तीन अलग-अलग बिल्डिंग्स में हैं। इनमें से दो बैलार्ड एस्टेट में और एक ऑफिस वर्ली में है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी को आधा एकड़ का प्लॉट आवंटित हुआ है जिसमें से 10,500 वर्ग मीटर पर बिल्डिंग का निर्माण किया जा सकता है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) ने 10,500 वर्ग मीटर के लिए 3.4 लाख रुपये प्रति वर्ग मीटर चार्ज करने का फैसला किया है।

मुंबई की जनता को लगेगा महंगी बिजली का झटका

मुंबई। चुनाव से पहले टाटा पावर कंपनी लिमिटेड ने टैरिफ युक्तिकरण पहल के तहत मुंबईकरों, खासकर निचले स्तर के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में भारी बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। 2024-2025 में सभी उपभोक्ता समूहों के लिए प्रस्तावित औसत वृद्धि 12 फीसदी है, लेकिन सबसे अधिक भार कम आय वाले आवासीय उपभोक्ताओं और गरीबी रेखा से नीचे के उपयोगकर्ताओं पर पड़ेगा, इसमें क्रमशः 201 फीसदी और 89 फीसदी की आश्चर्यजनक बढ़ोतरी प्रस्तावित है। उच्च-स्तरीय उपयोगकर्ताओं और कुछ सार्वजनिक सेवा उपयोगकर्ताओं को कुछ राहत मिलेगी। वितरण कंपनी की घोषणा के अनुसार, टाटा पावर हर महीने 100 यूनिट तक खपत करने वाले ग्राहकों के लिए प्रति यूनिट दर को मौजूदा 3.74 रुपये से बढ़ाकर 7.37 रुपये करने की योजना बना रही है। 101-300 यूनिट के बीच खपत करने वालों के लिए, दरों में प्रस्तावित वृद्धि 5 ।89 से रु. 9.31 रुपये (66 फीसदी) है।

मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह को मिली बड़ी राहत

धीरज सिंह । मुंबई

CBI ने अदालत में क्लोजर रिपोर्ट की पेश

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पर्याप्त सबूतों की कमी का हवाला देते हुए मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह और अन्य के खिलाफ कथित जबरन वसूली के मामले में दर्ज मामले को बंद करने की मांग की है। एजेंसी ने 18 जनवरी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, ठाणे के समक्ष एक क्लोजर रिपोर्ट प्रस्तुत की। अदालत फरवरी में रिपोर्ट पर विचार कर सकती है। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मामले के तथ्य और परिस्थितियां आरोपों की पुष्टि नहीं करती हैं या किसी भी आरोपी व्यक्ति के खिलाफ अभियोजन शुरू करने के लिए किसी भी सबूत का खुलासा नहीं करती हैं। क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया कि 2016-2017 के दौरान हुई घटना की रिपोर्ट 2021 में की गई। इस समय तक वह सबूत उपलब्ध नहीं है जो सच्चाई का पता लगाने में सहायक हो सकता था। मामला शुरू में जुलाई 2021 में स्थानीय व्यवसायी शरद अग्रवाल द्वारा मुंबई के पड़ोसी शहर ठाणे के कोपरी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया गया था, जिन्होंने दावा किया था कि सिंह और अन्य आरोपियों, जिनमें एक पूर्व पुलिस उपायुक्त और कुछ रियल एस्टेट डेवलपर्स शामिल हैं, ने कथित तौर पर धमकी दी थी और उसकी जमीन हड़पने के लिए उससे 2 करोड़ रुपये ऐंठ लिए।

ईडी के सामने फिर पेश हुईं मुंबई की पूर्व मेयर

मुंबई। कोविड-19 की वजह से मरने वालों के लिए बॉडी बैग की खरीद में कथित घोटाले को लेकर शिवसेना (UBT) नेता और मंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर से ईडी पूछताछ कर रही है। मंगलवार दोपहर पेडनेकर ईडी के ऑफिस पहुंचीं। बीते गुरुवार ही उन्हें बुलाया गया था लेकिन खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर उन्होंने समय मांगा था। आरोप है कि कोरोना के दौरान औरंगाबाद के सप्लायर से महंगी दरों पर बॉडी बैग खरीदे गए थे। एजेंसी अब उन लोगों की पहचान करना चाहते हैं जो इस काम में शामिल थे। उस समय मुंबई की मेयर किशोरी पेडनेकर थीं। ईडी जांच कर रही थी कि सप्लायर को कॉन्ट्रैक्ट दिलाने में पूर्व मेयर की क्या भूमिका थी। हालांकि पेडनेकर ने ऐसे सभी आरोपों से इनकार कर दिया है। ईडी उनसे फोन पर पहले भी पूछताछ कर चुकी है। हालांकि ईडी को अभी इस मामले में किसी भी अवैध लेनदेन की जानकारी नहीं मिली है।

प्रकाश आंबेडकर की पार्टी महाविकास अघाड़ी में शामिल

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन अघाड़ी महाविकास आघाड़ी में शामिल हो गई है।

मंगलवार को इस आशय का पत्र महाविकास आघाड़ी की ओर से प्रकाश आंबेडकर को जारी कर दिया गया है। यह जानकारी शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राऊत ने दी है।

'महाविकास आघाड़ी की ताकत बढ़ी'

इस मौके पर नेता संजय राऊत ने पत्रकारों को बताया कि मंगलवार को मुंबई के ट्राईडेंट होटल में महाविकास आघाड़ी के नेताओं की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में वंचित बहुजन आघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर को भी आमंत्रित किया गया था। इस बैठक में प्रकाश आंबेडकर की ओर से वंचित नेता धैर्यवर्धन फुंडकर उपस्थित थे। संजय राऊत ने बताया कि बैठक सकारात्मक रही। इस बैठक के बाद राज्य में महाविकास आघाड़ी की ताकत बढ़ी है। बहुत जल्द महाविकास आघाड़ी के नेता अगली बैठक में सीटों का बंटवारा भी हो जाएगा।

अब शिवसेना की वेबसाइट पर घमासान

शिंदे समर्थकों ने उद्धव ठाकरे गुट पर लगाया गलत इस्तेमाल का आरोप

दोपहर संवाददाता । मुंबई

शिंदे गुट ने उद्धव गुट पर शिवसेना पार्टी के इनकम टैक्स वेबसाइट के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया है। शिवसेना पार्टी, जो अब शिंदे गुट की हो गई है। उसने उद्धव गुट पर गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि उद्धव गुट शिवसेना पार्टी की ऑफिशियल इनकमटैक्स वेबसाइट के login ID और पासवर्ड का गलत इस्तेमाल कर रही है। शिंदे गुट शिवसेना पार्टी पदाधिकारियों ने आज इसकी शिकायत मुंबई पुलिस कमिश्नर से की है। शिंदे शिवसेना गुट के पदाधिकारियों का एक शिष्ट मंडल ने मुंबई पुलिस से मांग की है कि वह इस मामले की पूरी तरह से जांच करें, क्योंकि अब शिवसेना पूरी तरह से शिंदे गुट की हो गई है। इसलिए जो भी ऑफिशल वेबसाइट है, पासवर्ड है और डॉक्यूमेंटेशन है वह सब कुछ शिंदे गुट के सुपुर्द किया जाए ताकि उसका आगे गलत इस्तेमाल न हो सके।

शिंदे गुट ने मुंबई पुलिस आयुक्त से शिकायत की : शिंदे गुट शिष्ट मंडल के पदाधिकारियो के मुताबिक मुंबई पुलिस कमिश्नर ने उन्हें तुरंत इस पर कार्रवाई करने और जल्द से जल्द जांच करने का आश्वासन दिया है ।बता दें कि 10 जनवरी को महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को "असली शिवसेना" के रूप में मान्यता दी थी और दसवीं अनुसूची के तहत विद्रोही सेना विधायकों को अयोग्य घोषित करने की उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट की याचिका को खारिज कर दिया था।

दिग्गज मराठी अभिनेता अशोक सराफ को मिलेगा 'महाराष्ट्र भूषण'

मुंबई। मराठी और हिंदी फिल्मों के दिग्गज अभिनेता अशोक सराफ को महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार दिया जाएगा। अभिनेता को मराठी और हिंदी सिनेमा सहित मराठी थिएटर में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य के इस सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंद ने इस बात की घोषणा की है। अभिनेता ने कई मराठी के साथ कई

हिंदी फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की है कि कला के क्षेत्र में योगदान के लिए अशोक सराफ को वर्ष 2023 के महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अशोक सराफ से बात की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने अभिनेता को बधाई देते हुए कहा है कि अशोक सराफ ने सिर्फ कॉमेडी ही नहीं बल्कि गंभीर से लेकर खलनायक तक के कई शेड्स अपने अभिनय से दिखाए और दर्शकों पर दिलों पर छाए रहे।

दोपहर एंकर चुनाव आयोग ने 15 राज्यों में राज्य सभा की 56 के लिए चुनावी कार्यक्रम की कर दी है घोषणा

महाराष्ट्र में राज्यसभा की महाभारत, मुंडे, तावड़े, देवड़ा और पार्थ की लगेगी लॉटरी!

मुनीब चौरसिया । मुंबई

चुनाव आयोग ने 15 राज्यों में राज्य सभा की 56 के लिए चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इनमें महाराष्ट्र में राज्य सभा की 6 सीटें शामिल है। अबकी बार 400 के पार का 400 नारा देने वाली बीजेपी और उसकी महायुति किसी भी हाल में महाराष्ट्र में राज्य सभा की कम से कम 5 सीटों को जीतना चाहती है, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले राज्यसभा चुनाव में किसकी लॉटरी लगेगी यानी उम्मीदवारी मिलेगी, इसे लेकर आम से खास तक सभी के मन में उत्सुकता है।

इनका कार्यकाल हो रहा समाप्त

बता दें कि बीजेपी के प्रकाश जावड़ेकर, वी मुरलीधरन, नारायण राणे तथा कांग्रेस के कुमार केतकर, राकां की वंदना चव्हाण और शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद राज्यसभा अनिल देसाई का कार्यकाल 14 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। राज्यसभा की सभी सीटों के लिए 27 फरवरी को मतदान होने हैं। इनमें बीजेपी के 3 तो वहीं कांग्रेस, शिवसेना (शिंदे गुट) व राकां (अजीत गुट) के एक-एक उम्मीदवार की जीत पक्की मानी जा रही है। ऐसे में वो भाग्यवान कौन होंगे, जिन्हें सर्वोच्च सदन (राज्यसभा) में जाने का अवसर मिलेगा? इसे लेकर लोगों में जबरदस्त उत्सुकता है।

बीजेपी से इनको मिल सकता है टिकट

गौरतलब है कि एमपी, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने कई सांसदों एवं मंत्रियों को चुनावी मैदान में उतार कर सबको चौंकाया था। अब ऐसा माना जा रहा है कि बीजेपी अपने कुछ सांसदों को लोकसभा चुनाव लड़ा सकती है। इनमें नारायण राणे का नाम भी शामिल हो सकता है, लेकिन राणे के पुत्र नीलेश ने 15 दिन पहले ही ये ऐलान कर दिया था कि बढ़ती उम्र के कारण नारायण राणे अब लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। सूत्रों का ऐसा दावा है कि अतीत में मिली हार के डर से राणे परिवार लोकसभा चुनाव में जोखिम नहीं लेना चाहता है। हालांकि राज्यसभा से दोबारा सदन में जाने की इच्छा नारायण राणे की भी है तथा कोकण में कोई बड़ा चेहरा पार्टी के पास न होने के कारण बीजेपी नारायण राणे को मौका दे सकती है।

BJP मुंडे व तावड़े को भी राज्यसभा की टिकट दे सकती है : इसी तरह बाहरी (दूसरे दलों से आए) लोगों को पार्टी में ज्यादा महत्व तथा पुराने व निष्ठावान लोगों की उपेक्षा का आरोप बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व पर लगता रहा है। खासकर विनोद तावडे व पंकजा मुंडे के मामले में। विनोद तावड़े की क्षमताओं के इस्तेमाल और उनकी उपलब्धियों के इनाम के रूप में तथा पुराने लोगों की उपेक्षा ले संबंधित आरोपों को झूठा साबित करने के लिए पार्टी मुंडे व तावड़े को भी राज्यसभा की टिकट दे सकती है। तो वहीं बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व पर महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों की उपेक्षा के आरोप भी लगते रहे हैं। दो बार ऐन वक्त पर पार्टी हित में मौका छोड़ने वाले संजय उपाध्याय को इस बार उनके समर्पण एवं निष्ठा का इनाम मिल जाए तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। राकां (अजित गुट) से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील तटकरे व अजित पवार के पुत्र पार्थ पवार में से किसी एक को उम्मीदवारी मिल सकती है। कांग्रेस से निरुपम या कन्हैया उम्मीदवार हो सकते हैं। शिंदे गुट से मिलिंद देवड़ा का नाम सामने आ रहा है।

छत्रपति शिवाजी महाराज के किले 'विश्व धरोहर' में होंगे शामिल

दोपहर संवाददाता । मुंबई

संस्कृति मंत्रालय ने घोषणा की कि वर्ष 2024-25 के लिए 'मराठा सैन्य परिदृश्य' यूनेस्को की विश्व विरासत सूची के रूप में मान्यता के लिए भारत की ओर से नामांकित किया जाएगा। इसमें मुख्य तौर पर महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी महाराज के मराठा साम्राज्य के ऐतिहासिक धरोहर शामिल हैI इसमें महाराष्ट्र का सालहेर किला, शिवनेरी किला, लोहागढ़, खंडेरी किला, रायगढ़, राजगढ़, प्रतापगढ़, सुवर्णदुर्ग, पन्हाला किला, विजय दुर्ग, सिंधुदुर्ग और तमिलनाडु का जिंजी किला शामिल है।

महाराष्ट्र में 390 से अधिक किले

महाराष्ट्र में 390 से अधिक किले हैं जिनमें से केवल 12 किले भारत के 'मराठा सैन्य परिदृश्य' के तहत चुने गए हैं। 17वीं और 19वीं शताब्दी के बीच बने यह किले मराठा शासन की रणनीतिक सैन्य शक्तियों को प्रदर्शित करते हैं। इनमें से आठ किले- शिवनेरी किला, लोहगढ़, रायगढ़, सुवर्णदुर्ग, पन्हाला किला, विजयदुर्ग, सिंधुदुर्ग और जिंजी किला भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित हैं। जबकि सालहेर किला, राजगढ़, खंडेरी किला और प्रतापगढ़ महाराष्ट्र सरकार के पुरातत्व और संग्रहालय निदेशालय द्वारा संरक्षित हैं।

सुवर्णदुर्ग किला : मराठा सैन्य परिदृश्य को सांस्कृतिक मानदंड की श्रेणी में इन किलों को नामांकित किया गया है। इसमें सालहेर किला, शिवनेरी किला, लोहागढ़, रायगढ़, राजगढ़ और जिंजी किला पहाड़ी किले हैं।

लोहागढ़ किला : वहीं प्रतापगढ़ पहाड़ी-वन्य किला है एवं पन्हाला पहाड़ी-पठार किला है, तथा विजयदुर्ग तटीय किला है। जबकि खंडेरी किला, सुवर्णदुर्ग और सिंधुदुर्ग द्वीपीय किले हैं।

सिंधुदुर्ग किला : मराठा सैन्य विचारधारा की शुरुआत 17वीं शताब्दी में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के शासनकाल के समय 1670 CE में हुई और यह बाद के नियमों के अनुसार 1818 CE तक चले पेशवा शासन तक जारी रही।

विजयदुर्ग किला : वर्तमान में भारत में 42 विश्व धरोहर स्थल हैं, जिनमें से 34 सांस्कृतिक स्थल हैं, 7 प्राकृतिक स्थल हैं जबकि एक मिश्रित स्थल है।

रायगढ़ किला : महाराष्ट्र में छह विश्व धरोहर स्थल हैं, जिसमें 5 सांस्कृतिक और एक प्राकृतिक हैI इसमें अजंता गुफाएं (1983), एलोरा गुफाएं (1983), एलीफेंटा गुफाएं (1987), छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (2004), विक्टोरियन गोथिक एंड आर्ट डेको एसेंबल्स ऑफ मुंबई (2018), महाराष्ट्र के पश्चिमी घाट (2012) जो कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल तक फैले हुए हैं। यह प्राकृतिक श्रेणी में शामिल हैं।

उल्हासनगर में सुंदरकांड और लिट्टी चोखा का कार्यक्रम



दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा होने पर उल्हासनगर में सुंदरकांड और लिट्टी चोखा का प्रोग्राम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने लिट्टी चोखा का प्रसाद ग्रहण किया। उल्हासनगर में हिंदी भाषी समाज की तरफ बुधवार को उल्हासनगर एक म्हारल गांव में रिजेंसी एंटीलिया उल्हास नदी किनारे सुंदरकांड का आयोजन किया गया और लिट्टी चोखा का कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम मे उल्हासनगर कल्याण व अंबरनाथ जैसे अन्य शहरों से हज़ारो की तादाद में श्रीराम भक्त जमा हुए। इस मौके पर श्रीराम का पूजन, सुंदरकांड का पाठ , भजन कीर्तन व हवन किया गया। इसमे हजारों हिंदी भाषी लोग शामिल हुए और लिट्टी चोखा का प्रसाद ग्रहण किया। यह कार्यक्रम हिंदी भाषी समाज की तरफ से किया गया और बहुत अच्छी तरीके से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

न्यूज ब्रीफ

4 लोगों के खिलाफ एमआरटीपी दर्ज

वसई। वसई विरार शहर महानगरपालिका प्रभाग समिति 'ई' द्वारा आचोले पुलिस स्टेशन में 4 लोगो के खिलाफ एमआरटीपी के तहत केस दर्ज करवाया है।मिली जानकारी के अनुसार,सूर्यभान प्रभाकर पाटिल (39),विविसीएमसी प्रभाग ''ई'' में लिपिक के पद पर कार्यरत है। शिकायत मे बताया गया है कि,आरोपी ने मौजे आचोले सर्वे नं-362 जुना (140 नया) हिस्सा नं.2 सनशाइन गार्डन के पास, नालासोपारा पूर्व में लखनऊ जायका होटल, वसई -विरार मनपा के भवन विभाग की अनुमति के बिना लगभग 90/ 100 वर्ग फुट सीमेंट ईंटों और पत्रा का निर्माण किया।तथा उक्त निर्माण को हटाने के संबंध में महाराष्ट्र क्षेत्रीय एवं शहरी नियोजन अधिनियम 1966 की धारा 52, 53 एवं 54 के अनुसार दिये गये नोटिस का उल्लंघन किया गया। जिसके बाद उपरोक्त लिपिक (सूर्यभान प्रभाकर पाटील) की शिकायत पर आचोले पुलिस स्टेशन ने आरोपी अब्दुल सत्ता पठान ,अहसान,सजून खान व निजाम पाठन के।ऊपर धारा 52,53 व 54 के तहत केस दर्ज कर आगे की तहकीकात में जुट गई है।

गांजा तस्कर गिरफ्तार

भायंदर। मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत क्राइम ब्रांच युनिट 2 ''वसई'' ने हजारों रुपए गांजा के साथ एक 44 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ वालीव पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच युनिट 2 ''वसई'' की टीम ने की है। मिली जानकारी के अनुसार,क्राइम ब्रांच युनिट 2 ''वसई'' की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर वसई पूर्व के भोईदा पाडा नाका से सातीवली की और जाने वाली रोड,कन्हैया ऑटो गैरेज दुकान के सामने स्थित एक 44 वर्षीय (राजा शिवचरण यादव) शख्स को पकड़ा,टीम ने यादव की तलाशी ली तो उसके पास से 300 ग्राम वजन गांजा जप्त किया है,जिसकी कुल कीमत 7,500 रुपए आकी गयीं है। टीम ने यादव को गिरफ्तार कट उसके ऊपर वालीव थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया है। आगे की विवेचना पुलिस कर रही है।

पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार

नालासोपारा। नालासोपारा की पेल्हार पुलिस ने एक 25 वर्षीय शख्स के पास से 2 जिंदा कारतूस व देशी बनावटी पिस्टल बरामद किया है।पुलिस ने आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार,29 जनवरी को पेल्हार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पेल्हार होटल के सामने एक 25 वर्षीय (भव्य चैतन्य दवे) शख्स को धर दबोचा। पुलिस ने इसके पास से 1 देशी बनावटी पिस्टल व 2 जिंदा कारतूस बरामद किया है,जिसकी कुल कीमत 48,000 रुपए बताई गयीं है। पुलिस ने आरोपी भव्य चैतन्य दवे को गिरफ्तार कर उसके ऊपर पेल्हार थाने में भारतीय शस्त्र अधिनियम 3,25, सह महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 37 (1), (3),135 के तहत केस दर्ज किया है।आगे की तहकीकात पुलिस कर रही है।

रिश्वतखोर सहायक पुलिस निरीक्षक ठाणे भ्रष्टाचार विरोधी विभाग के शिकंजे में

दो लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । भिवंडी



भिवंडी के नारपोली पुलिस स्टेशन के सहायक पुलिस निरीक्षक शरद पवार को ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने नारपोली पुलिस स्टेशन में ही दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 25 नवंबर को 16 वर्षीय लड़की का योगेश रवि शर्मा ने अपहरण कर लड़की की हत्या कर दी है और हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए लड़की के शव को दफनाकर को दफना दिया इस हत्या का खुलासा 7 दिसंबर को हो गया था। नारपोली पुलिस द्वारा दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने इस हत्याकांड के मामले में आरोपी आयुष वीरेंद्र झा, मनोज नारायण टोपे, अनिकेत तुकाराम खरात, शिवाजी धनराज माने, संतोष सत्यनारायण ताटीपामुल को गिरफ्तार किया जिसकी जांच सहायक पुलिस निरीक्षक शरद पवार कर रहे थे। आरोपी अनिकेत खरात का नाम अपराध से कम करने के लिए अन्यथा परिवार के सदस्यों को मामले में फंसाने की धमकी जांच करता सहायक पुलिस निरीक्षक शरद पवार ने दी थी। उसके बदले उन्होंने 5 लख रुपए की मांग की थी। इसके बाद अनिकेत की मां समझौते के तौर पर दो लाख रुपए देने को तैयार हो गईं। इसके बाद महिला ने ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में इसकी शिकायत दर्ज कराई। महिला द्वारा दी गई सूचना के आधार पर मंगलवार सुबह ठाणे एंटी करप्शन डिपार्टमेंट की टीम ने घूस लेने वाले पुलिस अधिकारी शरद पवार को नारपोली पुलिस स्टेशन में घूस की रकम लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। खबर लिखे जाने तक इस मामले में मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही थी।

रिक्शा चालक पर किशोरी से छेड़छाड का मामला दर्ज

नवी मुंबई। पुलिस ने महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर में 13 वर्षीय एक लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में एक ऑटो-रिक्शा चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना के दौरान लड़की चालक के वाहन से स्कूल जा रही थी। उन्होंने बताया कि यह घटना 25 जनवरी को तुर्भे इलाके में हुई थी। पीड़िता और 37 वर्षीय आरोपी दोनों आंबेडकर नगर के ही निवासी हैं। तुर्भे पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि जब लड़की ऑटो-रिक्शा से स्कूल जा रही थी उस दौरान आरोपी ने कथित तौर पर उससे छेड़छाड की। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सोमवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल करना) और 354ए (यौन उत्पीड़न), और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के नाम पर ठगी

दोपहर संवाददाता । वसई

मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर ठगी के आरोप में माणिकपुर पुलिस ने एक 40 वर्षीय शख्स के ऊपर केस दर्ज किया है। भीमराव कांबले (56) वसई पश्चिम में रहते है। आरोपी ने कांबले से उनकी बेटी को मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर उनसे से नकद व ऑनलाइन के जरिए 21लाख 70 हजार रुपए ले लिए। लेकिन,आरोपी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश नहीं दिला पाया और फिर पैसे भी वापस नही किए। माणिकपुर पुलिस ने कांबले की शिकायत पर आरोपी के ऊपर धारा 420,406 के तहत केस दर्ज कर आगे की तहकीकात कर रही है।

खदान में विस्फोट के दौरान एक श्रमिक की मौत, दो अन्य लोग घायल, FIR दर्ज

दोपहर संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र के नवी मुंबई टाउनशिप में एक खदान में विस्फोट के दौरान पत्थर गिरने से 32 वर्षीय एक श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को कहा कि इस हादसे में दो अन्य लोग घायल हो गए है। घटना सोमवार दोपहर करीब 2 बजे पनवेल इलाके में स्थित खदान में हुई। पनवेल टाउन पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा कि विस्फोट के दौरान उखड़े कुछ पत्थरों की चपेट में एक खुदाई मशीन ऑपरेटर सहित तीन कर्मचारी आ गए। मृतक की पहचान अविनाश केश्वर कुजूर के रूप में हुई है, जबकि दो अन्य को सिर में चोटें आईं।

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, एक अधिकारी ने कहा, ₹शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304 ए (जो लापरवाही से या लापरवाही से किसी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में नहीं आता) के तहत खदान में ब्लास्टिंग ऑपरेशन करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की है। प्राथमिकी के अनुसार, आरोपी कथित तौर पर श्रमिकों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) प्रदान करने में विफल रहे और विस्फोट प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सावधानियों की उपेक्षा की।

क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग धोखाधड़ी मामला

व्यवसायी को 60 लाख रुपए का नुकसान, मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई

महाराष्ट्र में नवी मुंबई के एक 59 वर्षीय व्यवसायी को विदेशी मुद्रा और क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग में निवेश के जरिए आकर्षक मुनाफे का लालच देकर कथित तौर पर उससे 60.23 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इस सिलसिले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नवी मुंबई साइबर प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गजानन कदम ने कहा कि आरोपी ने पिछले महीने साजो सामान का व्यवसाय करने वाले कलंबोली इलाके के निवासी पीड़ित से संपर्क किया और उसे उच्च रिटर्न का वादा कर विदेशी मुद्रा और क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग में निवेश करने का लालच दिया। पीड़ित ने बाद में आरोपी द्वारा भेजे गए विभिन्न लिंक के माध्यम से 64,70,024 रुपए का निवेश किया। अधिकारी ने कहा कि जब कारोबारी ने अपने निवेश पर रिटर्न मांगा तो आरोपी ने पहले तो गोलमोल जवाब दिया, लेकिन पीड़ित के लगातार संपर्क करने के बाद आरोपी ने उसे केवल 4,46,878 रुपए लौटाए और बाद में जवाब नहीं दिया। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर साइबर प्रकोष्ठ पुलिस ने सोमवार को पांच लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 419 (खुद को किसी और के रूप में पेश कर धोखाधड़ी) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया।

अविश्वसनीय लिंक या अपरिचित वेबसाइट के माध्यम से निवेश करने से बचें

उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा और क्रिप्टोकरेंसी जैसे जटिल वित्तीय साधनों से अपरिचित लोगों को सलाह दी जाती है कि वे सावधानी बरतें और धन निवेश करने से पहले किसी भी निवेश मंच या व्यक्ति के बारे में गहन शोध करें। अधिकारी ने कहा कि उच्च रिटर्न की आकर्षक गारंटी से संदेह पैदा होना चाहिए। लोगों को निवेश निर्णय लेने से पहले योग्य पेशेवरों से सलाह लेनी चाहिए और अविश्वसनीय लिंक या अपरिचित वेबसाइट के माध्यम से निवेश करने से बचना चाहिए।

सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़ा गया चोर

दोपहर संवाददाता । मुंबई

आरपीएफ ने सीसीटीवी की मदद से फिर एक 23 वर्षीय शातिर चोर को पकड़कर उसे जीआरपी अंधेरी के हवाले कर दिया है। इसके पकड़े जाने से 1 नग मोबाइल (कीमत-25,000 रूपये) व 1 नग सोने की अंगूठी (कीमत- 27,000 रुपए) कुलमिलाकर 52,000 रुपए माल का खुलासा हुआ है। यह कार्रवाई अंधेरी स्टेशन आरपीएफ इंचार्ज राजीव सिंह सलारिया के मार्गदर्शन में आरपीएफ अधिकारी-कर्मचारी ने की है।

केस डायरी: मिली जानकारी के अनुसार, 9 जनवरी 2024 को अंधेरी मेट्रो ब्रिज पर 1 मोबाइल और 1 सोने की अंगूठी की एक यात्री की चोरी हुई थी। इस संबंध अँधेरी जीआरपी में केस दर्ज किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए अँधेरी आरपीएफ सीपीडीएस टीम द्वारा लगातार निगरानी की गई,जिसके परिणामस्वरूप 29 जनवरी को सीपीडीएस टीम एचसी नवीन,सीटी अनुज,सीटी अंकित और सीटी दीपक द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को अँधेरी अँधेरी स्टेशन के प्लेटफार्म नं.7 से पकड़ा गया और बाद में एसआईपीएफ विजय कुमार द्वारा पूछताछ की गई, जहां बाहरी व्यक्ति ने अपना नाम- राहुल यशवंत यूरे, उम्र 23 वर्ष,निवासी - मीरा रोड (पूर्व) बताया,उसने उक्त अपराध का खुलासा कर स्वीकार किया।

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयुक्त ने श्रद्धांजलि अर्पित की

दोपहर संवाददाता । कल्याण

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य लेखा और वित्त अधिकारी दिग्विजय चव्हाण, नगरपालिका सचिव और उपायुक्त वंदना गुलवे, उपायुक्त अर्चना दिवे, स्वाति देशपांडे-कुलकर्णी, अतुल पाटिल, विभाग प्रमुख (सूचना और जनसंपर्क) संजय जाधव, कार्यकारी अभियंता प्रशांत भागवत, योगेन्द्र राठौड़, घनश्याम नवांगुल, शैलेश कुलकर्णी, सहायक आयुक्त निवेदिता पाटिल, प्रीति गाडे, शिक्षा अधिकारी विजय सरकटे, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी माधवी पोफले, सहायक सुरक्षा अधिकारी सुरेश पवार और अन्य एलएल अधिकारी, कर्मचारियों ने भी उनकी छवि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। नगरपालिका परिमंडल-2 के उपायुक्त अवधूत तावड़े ने डोंबिवली (पश्चिम) में महात्मा गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। 7/एच और 8/ग।वार्ड के सहायक आयुक्त राजेश सावंत और अन्य कर्मचारियों ने भी उनकी छवि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

पार्किंग व्यवस्था को लेकर आयुक्त की बैठक

दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई

नवी मुंबई में पार्किंग की समस्या को हल करने के लिए नमुंमपा आयुक्त राजेश नार्वेकर ने योजनाबध्य कदम उठाना शुरू कर दिया है। इसके लिए लगातार समीक्षा बैठकें आयोजित कर प्रभागवार पार्किंग भूखंड विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसके तहत सेक्टर 15 में सीबीडी बेलापुर में प्लॉट नं. 39 के 4705 वर्ग मीटर क्षेत्र के भूखंड पर 4 मंजिला पार्किंग स्थल विकसित कर भविष्य में इसे सार्वजनिक उपयोग के लिए खोल दिया जाएगा, ताकि पार्किंग की समस्या कम हो। इसमें 396 चार पहिया और 121 दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। सेक्टर 15 सीबीडी बेलापुर में प्लॉट नंबर-72 या 6900 वर्ग मीटर क्षेत्र के भूखंड पर और सेक्टर 30ए, वाशी में होटल तुंगा के सामने 11300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के भूखंड पर पार्किंग स्थल विकसित करने की योजना है। जहां सरकारी एवं सार्वजनिक निजी भागीदारी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) के आधार पर उक्त भूखंडों पर पार्किंग स्थल विकसित करने पर विचार किया जा रहा है और इससे होने वाले लाभ को लेकर इंजीनियरिंग विभाग के माध्यम से आयुक्त को एक सूचनात्मक प्रस्तुति दी गई थी। पार्किंग स्थल, आवश्यक अनुमतियां और तदनुसार की जाने वाली कार्रवाई। इस पार्किंग स्थल को निजी क्षेत्र की भागीदारी के आधार पर विकसित करने और व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने का काम फीडबैक इंफ्रा प्रा. लि.को दिया गया है। इस दौरान पार्किंग को लेकर आयुक्त को विस्तृत प्रस्तुति दी गई। आयुक्त ने पार्किंग स्थल की योजना बनाते समय वर्तमान स्थिति और भविष्य में इस क्षेत्र के विकास और इसके कारण वाहनों की संभावित वृद्धि पर भी विचार करने का निर्देश दिया।

पार्किंग दरें कम हो

पार्किंग दरें कम हो इसलिए आयुक्त ने पार्किंग स्थलों के लिए निर्धारित दरों का तुलनात्मक अध्ययन करने के निर्देश और पार्किंग से संबधित सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार म्हसाल, सिटी इंजीनियर संजय देसाई, मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी सत्यावान उबाले, मुख्य लेखा परीक्षक जीतेंद्र इंगले, संपत्ति विभाग के उपायुक्त डॉ. राहुल गेठे, सहायक निदेशक टाउन प्लानिंग सोमनाथ केकाण, कार्यकारी अभियंता अरविंद शिंदे और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

खिचड़ी घोटाला केस

'ये राउत परिवार पर दबाव बनाने की कोशिश'

ईडी के समन पर बोले संजय राउत के भाई

दोपहर संवाददाता । मुंबई

कोरोना काल में कथित कथित खिचड़ी घोटाले को लेकर शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के भाई संदीप राउत मंगलवार को पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय ऑफिस पहुंचे। उन्होंने इस केस को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया। ईडी ऑफिस के बाहर मीडिया से बात करते हुए संदीप राउत ने कहा, मेरे खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार और गलत हैं। ईडी ने मुझे आज पूछताछ के लिए यहां बुलाया है और एजेंसी जो भी सवाल पूछेगी, मैं उसका जवाब दूंगा। पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है और कुछ नहीं। उन्होंने कहा, संजय राउत केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ बोल रहे हैं। हमारे ऊपर ईडी लगाने के पीछे यही कारण है। यह राउत परिवार पर दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है।

मैंने कुछ भी गलत नहीं किया, डरता नहीं हूं

संदीप राउत ने कहा, मामले को लेकर मेरे खाते में लगभग 5-6 लाख लेनदेन दर्ज किए गए थे। यह ईडी का मामला नहीं है। मामला कोरोना काल का है। मैंने उस दौरान कई गरीबों को खिचड़ी खिलाई थी लेकिन मुझे अभी भी आरोपी बनाया जा रहा है।

संजय भाई संदीप को ईडी ऑफिस छोड़ने गए

राज्यसभा सांसद संजय राउत अपने भाई संदीप को समर्थकों के साथ ईडी ऑफिस छोड़ने आए थे। इस बीच, शिवसेना उद्धव गुट के एक अन्य नेता किशोरी पेडनेकर भी कोविड काल के दौरान कथित बॉडी बैग घोटाला केस में पूछताछ के लिए सुबह 11.30 बजे ईडी के सामने पेश हुए।

सूरज चव्हाण को ईडी ने हिरासत में लिया था

बता दें कि इससे पहले ईडी ने 28 जनवरी को कथित घोटाला मामले में पूछताछ के लिए संदीप राउत को बुलाया था। वहीं, 18 जनवरी को पार्टी नेता आदित्य ठाकरे के करीबी नेता सूरज चव्हाण को ईडी ने हिरासत में ले लिया था।

ये है पूरा मामला

दरअसल, ईडी का आरोप है कि खिचड़ी बांटने के बदले गलत तरीके से पैसों का लेन-देन किया गया था। बीएमसी ने कोरोना काल में खिचड़ी बांटने के लिए फोर्स वन मल्टी सर्विसेज नाम की संस्था के खाते में 8.64 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। इस कंपनी को खिचड़ी बांटने का ठेका दिया गया था।

जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही भाजपा: सुप्रिया सुले

दोपहर संवाददाता । मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार गुट की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने विरोधियों के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और सत्ता बरकरार रखने के लिए पार्टियों एवं परिवारों को तोड़ रही है। सुले ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को 'हथियार' बना लिया है और अपने विरोधियों के खिलाफ आयकर विभाग, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का दुरुपयोग कर रही है जबकि देश में आरक्षण कोटा, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दे हैं। वे केवल सत्ता में बने रहने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहे हैं और पार्टियों एवं परिवारों को तोड़ रहे हैं।

'राज्य का कद नीचे गिरा देगी भाजपा'

राकांपा नेता ने आगामी राज्यसभा चुनाव और महाराष्ट्र में खाली होने वाली छह सीटों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि संसद के उच्च सदन के चुनाव में भाग लेने से बचना राज्य में एक राजनीतिक परंपरा है। सुले ने कहा कि महाराष्ट्र में (राज्यसभा के लिए) कोई चुनाव नहीं कराने बल्कि चर्चा के माध्यम से रास्ता निकालने की परंपरा रही है। लेकिन अगर कोई अदृश्य ताकत (भाजपा) इसमें पीछे से काम कर रही है तो यह राज्य का कद नीचे गिरा देगी। सुले ने विपक्षी दलों को लेकर एक सवाल पर उम्मीद जताई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विपक्षी गठबंध 'इंडिया' में बनी रहेंगी, 'क्योंकि आगामी लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का उनका निर्णय राज्य-केंद्रित है।

नीतीश कुमार पर क्या बोलीं सुले?

सुले ने दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने का निर्णय व्यक्तिगत कारणों से प्रेरित लगता है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2014 से पहले की अवधि के विपरीत भाजपा पिछले दस वर्षों में सबसे भ्रष्ट राजनीतिक दल बन गई है। ऐसा लगता है कि पार्टी ने अपने नैतिकता के मूल्य खो दिए हैं। सीट-बंटवारे की बातचीत और वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) नेता प्रकाश आंबेडकर की भूमिका पर किए गए सवाल पर सुले ने कहा कि आंबेडकर एक महत्वपूर्ण नेता हैं और उनके विचारों पर ध्यान दिया जाएगा। वह राष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी मदद और मार्गदर्शन कर सकते हैं।

'संयुक्त परिवार प्रणाली खत्म होने के कारण नहीं हो पा रही बुजुर्गों की देखभाल'

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक व्यक्ति को अपनी मां के घर को खाली करने का आदेश दिया, जिस पर उसने और उसकी पत्नी ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदोश पूनीवाला की खंडपीठ ने कहा कि उम्र बढ़ना एक बड़ी सामाजिक चुनौती बन गई है और इसलिए वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और सुरक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा, ₹संयुक्त परिवार प्रणाली के खत्म होने के कारण कई बुजुर्गों की अब उनके परिवार द्वारा देखभाल नहीं की जा रही है। परिणामस्वरूप, कई वृद्ध लोग, विशेष रूप से विधवा महिलाएं, अपने अंतिम पड़ाव में अकेले रह जा रहे हैं, भावनात्मक उपेक्षा, वित्तीय और शारीरिक कठिनाई का अनुभव कर रहे हैं।

बेटे ने घर छोड़ने के लिए किया मजबूर

वरिष्ठ नागरिक रखरखाव न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के सितंबर 2021 के आदेश के खिलाफ दिनेश चंदनशिवे द्वारा दायर याचिका पर कोर्ट ने यह आदेश पारित किया था, जिसमें उन्हें अपनी मुलुंड में रहने वाली बुजुर्ग मां लक्ष्मी चंदनशिवे के आवास को खाली करने की निर्देश दिए गए थे।

'छगन भुजबल ने ओबीसी के लिए कुछ नहीं किया'

मराठा कोटा कार्यकर्ता जरांगे का दावा

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मराठा कोटा को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की हालिया घोषणा की महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल ने आलोचना की है। वरिष्ठ ओबीसी नेता छगन भुजबल ने धमकी दी है कि राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ 1 फरवरी को विधायकों, सांसदों और तहसीलदारों के आवासों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस धमकी के बाद अब मराठा कोटा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। जरांगे ने दावा किया कि ओबीसी को एहसास हो गया है कि मंत्री छगन भुजबल ने उनके लिए कुछ नहीं किया और अगर वह अपने पद से हट जाते हैं तो उन्हें बुरा नहीं लगेगा।

'मराठा आरक्षण के लिए कुछ नहीं किया'

मराठा योद्धा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि देने के जारांगे मंगलवार को रायगढ़ किले पहुंचे। इस दौरान जरांगे से एक पत्रकार ने कैबिनेट से इस्तीफा देने की भुजबल की चेतावनी के बारे में पूछा। जिस पर कार्यकर्ता ने कहा 'कोई भी इस तरह की दबाव रणनीति के आगे नहीं झुकेगा। सत्तारूढ़ गठबंधन के शीर्ष नेता भुजबल को संभालने के लिए काफी चतुर हैं। यहां तक कि ओबीसी को भी एहसास हो गया है कि भुजबल ने पिछले कई सालों में उनके लिए कुछ नहीं किया।

मराठा आरक्षण पर शिंदे सरकार का फैसला

दरअसल, शिंदे सरकार ने मनोज जरांगे की सभी मांगे मान ली है। इन मांगों के मुताबिक, मराठों को आरक्षण मिलने तक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) द्वारा प्राप्त सभी लाभ दिए जाएंगे। जारांगे के साथ बातचीत के बाद सरकार द्वारा एक मसौदा अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें कहा गया है कि मराठा व्यक्ति के रक्त संबंधियों, जिनके पास यह दिखाने के लिए रिकॉर्ड हैं कि वह कृषक कुनबी समुदाय से हैं, को भी कुनबी के रूप में मान्यता दी जाएगी। बता दें कि एक कृषक समुदाय, कुनबी ओबीसी श्रेणी में आता है और जारांगे पिछले अगस्त से मराठों के लिए आरक्षण के लिए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाण पत्र की मांग की थी।

भुजबल से बात करेंगे कैबिनेट सहयोगी

सोमवार को, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि वह मराठा आरक्षण पर राज्य सरकार के फैसले के विरोध पर अपनी पार्टी और कैबिनेट सहयोगी भुजबल से बात करेंगे। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी सोमवार को कहा कि वह पात्र मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी करने पर मसौदा अधिसूचना के मद्देनजर ओबीसी कोटा मुद्दे पर भुजबल की चिंताओं को दूर करेंगे। अधिसूचना का विशेष रूप से उल्लेख किए बिना, फडणवीस ने कहा कि अगर आवश्यक हुआ तो सरकार संशोधन करेगी।

Lost and Found

I Mr. RAKESH HOSHIYARSINGH BISHT lost my folder file with Original Aadhar Card, Original Pan Card and Original RBI Documents Dombivli West THANE DISTRICT MAHARASHTRA on dated - 18/01/2024.Founder will be suitably rewarded Please Contact - Mr. RAKESH HOSHIYARSINGH BISHT MOBILE - 9867977744

कोर्ट ने स्टैक पार्किंग के निर्माण को ठहराया अवैध

तत्काल हटाने का दिया निर्देश

मुंबई। बंबई हाई कोर्ट ने एक आवासीय भवन में निर्मित सात मशीनीकृत कैंटिलीवर कार पार्किंग स्थानों (stack parking) को हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि 'विकास नियमों में ढील की अनुमति नहीं दी जा सकती है अगर यह सार्वजनिक सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।' जस्टिस गौतम पटेल और कमल खाता की खंडपीठ ने कहा कि बोरीवली में हाउसिंग सोसायटी के परिसर में स्टैक पार्किंग प्रणाली न केवल समाज के सदस्यों, बल्कि बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और शायद अग्नि सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा यहां तक कि राहगीर को भी पूरी तरह से कमजोर कर देती है। पीठ ने कहा कि सोसायटी में आपात स्थिति में कोई भी फायर टेंडर या एम्बुलेंस स्टैक पार्किंग से आगे नहीं जा सकती।

किसने दाखिल की याचिका?

कोर्ट ने एक नेत्र रोग विशेषज्ञ राहुल जैन द्वारा दायर याचिका में यह आदेश पारित किया है। दरअसल, राहुल ने अपनी याचिका में पश्चिमी उपनगर बोरीवली में अपने आवास सोसायटी में सात मशीनीकृत कैंटिलीवर (स्टैक) कार पार्किंग स्थान स्थापित करने के निर्णय को चुनौती दी थी। राहुल का मानना है कि यह पार्किंग उनके प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर रहा था जिससे परिसर और सुरक्षा के लिए खतरा



उत्पन्न हो सकता है। याचिका के अनुसार, सोसायटी परिसर में स्टैक पार्किंग सिस्टम की आवश्यकता थी क्योंकि डेवलपर ने इमारत में दो अतिरिक्त मंजिलें बनाने की योजना में बनाई थी। डेवलपर ने बाद में सात स्टैक पार्किंग स्थानों के निर्माण के लिए ग्रेटर मुंबई नगर निगम (एमसीजीएम) और अग्निशमन विभाग से मंजूरी प्राप्त की। अदालत ने अपने आदेश में नगर निकाय के अग्निशमन विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी के इस सुझाव पर नाराजगी व्यक्त की कि अगर इमारत में आग लगती है तो किसी अग्निशमन वाहन की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि इमारत 13 मंजिल से कम है।

'अगले चुनाव में वोट मांगने वालों के लिए बड़ी गड़बड़ी'

कोर्ट ने कहा कि 'हम यह कहने का साहस करते हैं कि अग्निशमन अधिकारी का यह बयान अगर सरकार में किसी को भी बताया गया, खासकर उन लोगों को जो अगले चुनाव में वोट मांगने वाले हैं, तो बहुत बड़ी गड़बड़ी होगी।

स्टैक पार्किंग सिस्टम से हो रही सभी को दिक्कत

पीठ ने वर्तमान विकास नियंत्रण और संवर्धन विनियम (डीसीपीआर) में अग्नि सुरक्षा मानदंडों में ढील पर भी सवाल उठाया, जिसमें ऊंची इमारतों में सीढ़ियों की संख्या में कमी, सीढ़ियों की न्यूनतम चौड़ाई में कमी और केवल एक फायर लेन शामिल है। यह भी नोट किया गया कि इन सभी पर लगातार बहस होती रहती है। पीठ ने कहा कि इस पर छूठ तभी मिलेगी जब निवासियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, संरचनात्मक सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा प्रभावित न हो।

क़ादरी सैयद नसीर को ईपीएस में स्नातकोत्तर उपाधि

मुंबई। महाराष्ट्र राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी (एमएसईटीसीएल) में मुख्य अभियंता (ट्रांसमिशन) के रूप में कार्यरत क़ादरी सैयद नसीर ने इलेक्ट्रिकल पावर सिस्टम्स में स्नातकोत्तर उपाधि – एम ई (ईपीएस) सफलतापूर्वक प्राप्त कर ली है। उन्होंने उक्त उपाधि छत्रपति संभाजीनगर स्थित सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज से प्राप्त की है। क़ादरी ने उपाधि के अनिवार्य भाग के रूप में 'एसईपीआईसी कन्वर्टर फेड इंडक्शन मोटर ड्राइव के लिए पावर क्वालिटी इम्प्रूवमेंट' विषय पर गहन अध्ययन कर अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। प्रोफेसर डा.

नितिन जे फड़कुले के प्रमुख मार्गदर्शन के अलावा उन्हें इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की प्रमुख डा. सुनंदा घानेगांवकर और जीईसीए के प्रिंसिपल डा. संजय डंभारे द्वारा भी मार्गदर्शन किया गया। एमएसईटीसीएल के सीएमडी डा. संजीव कुमार ने उनकी उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। क़ादरी कहते हैं, 'मेरी सफलता में महापारेषण के सभी अधिकारियों, सहकर्मियों, दोस्तों और रिश्तेदारों का सहयोग प्राप्त हुआ है। उम्र महज एक संख्या है और इसे शिक्षा और ज्ञान साझा करने में बाधा नहीं बनने देना चाहिए।'

जदयू की महाराष्ट्र इकाई विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनी रहेगी : कपिल पाटिल

मुंबई। जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) की महाराष्ट्र इकाई विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा बनी रहेगी। राज्य इकाई के एक नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने रविवार को रिकॉर्ड नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को छोड़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ राज्य में नयी सरकार बनाई। नीतीश ने 18 महीने से भी कम समय पहले भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से नाता तोड़ लिया था। पार्टी महासचिव और विधान परिषद के सदस्य कपिल पाटिल ने यहां कहा कि जदयू की राज्य इकाई विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के साथ अपने संबंध जारी रखेगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, "हमने शीर्ष नेतृत्व को अपने फैसले से अवगत करा दिया है। महाराष्ट्र का राजनीतिक गणित बिहार से अलग है। यहां हालात अलग हैं।

महाराष्ट्र शासन

इलाखा शहर विभाग, (सा.बां.)

ई -निविदा सुचना क्र. ११५ सन २०२३-२०२४

कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई (दुरध्वनी क्रंमांक-२२०१६९७५ /२२०१६९७७) महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडे योग्य वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून खालील कामाकरीता ब-१ नमुन्यातील निविदा ई- निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) मागवित आहेत. निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई यांनी राखून ठेवला आहे.

अ.क्र.	कामाचे नाव	अंदाजित रक्कम रु. लक्ष
१	मलबार हिल मुंबई येथील पीडब्लूडी ऑफिस आवारातील स्टोर शेड - २ नुतनीकरण करणे.	१९.९६
२	चर्नीरोड मुंबई येथील DGPS कॅन्टीन इमारतीमधील प्लास्टर, रंगकाम करणे.	२५.०६
३	सिटी सिव्हील कोर्ट मुंबई येथील बॅरेक्सच्या खिडक्या यांना लोखंडी ग्रील आणि ॲल्युमिनिअम ग्रील बसविणे.	१६.८३
४	जी. जे. भोसले मार्ग मुंबई येथील सुरुची-सुनिती इमारतीच्या आवार भिंतीची दुरुस्ती करणे.	१६.८२
५	एन. डी. रोड मुंबई येथील बॅन्डमेन्स क्वार्टर्स - ३/२ मध्ये प्लंबींग, दरवाजे, खिडक्या, किचन ट्रॉली, स्टोरेज इ. दुरुस्ती करणे.	३७.४२
६	कुलाबा मुंबई येथील पोलीस लाईन रुम नं १२१ ते १२८ दुरुस्ती करणे.	२१.२८
७	कुलाबा मुंबई येथील पोलीस लाईन छज्जाची दुरुस्ती करणे.	२३.०६
८	चर्नीरोड मुंबई येथील न्यू प्रेस इमारतीमध्ये मशिन फाऊंडेशन कोमोरी LA 537 P बांधकाम करणे.	१३.६२
९	नविन विधानभवन मुंबई इमारतीच्या मंत्री दालने आणि कार्यालय पॉलिश करणे.	१०.८४
१०	आकाशवाणी आमदार निवास मुंबई इमारतीच्या ५ मजल्यावरील रुमचे प्लास्टर व रंगकाम करणे.	१९.८९
११	एन. डी. रोड मुंबई येथील शासकीय बंगला देवगीरी मध्ये फॉल्स सिलिंग, मंगलोरी छताची दुरुस्ती करणे.	१९.८९
१२	चर्चगेट मुंबई येथील तेलंग स्मारक मुलींचे वसतीगृह इमारतीच्या आवारभिंत, पेवर ब्लॉक्स दुरुस्ती, दरवाजे, खिडक्या बसविणे.	१६.७६
१३	जे. जे. स्कुल ऑफ आर्ट आवारातील बगीचा दुरुस्ती आवारभिंत, ग्रील, झाडाचे कट्टे, आर्ट गॅलक्सी रंगकाम करणे.	२४.०४
१४	कुलाबा मुंबई येथील पोलीस लाईन रुम नं ४९ ते ५६ दुरुस्ती करणे.	२१.२४
१५	कुलाबा मुंबई येथील पोलीस लाईन रुम नं ८९ ते ९६ दुरुस्ती करणे.	२१.३०
१६	एन. डी. रोड मुंबई येथील अंबर सदनिका-३७ मध्ये प्लंबींग, दरवाजे, खिडक्या, किचन ट्रॉली, स्टोरेज इ. दुरुस्ती करणे.	४०.७८
१७	पोलीस आयुक्त कार्यालय मुंबई आवारातील बी-ब्लॉक दरवाजे, खिडक्या, किचन ओटा, प्रसाधनगृह नुतनीकरण करणे.	२१.२६

ई-निविदा उपलब्ध कालावधी- दि. २९.१.२०२४ ते दि. ५.२.२०२४ पर्यंत.
ई-निविदा उघडणे- दि. ६.२.२०२४ रोजी दुपारी ३.०० वाजता
निविदा सुचने मध्ये काही बदल/सुधारणा करावयाची असल्याचे शुध्दीपत्रक वृत्तपत्रामध्ये प्रसिध्द करण्यात येणार नाही. त्याबत सर्व बदल ऑनलाईन निविदा प्रक्रियेमध्ये प्रसिध्द केले जाईल.
खालील संकेतस्थळावरुन ई-निविदाची सर्व माहीती उपलब्ध आहे.
1) www.mahapwd.com
2) http :// mahatenders.gov.in

जा.क्रं. इशवि/निलि/ 1609
कार्यकारी अभियंता
इलाखा शहर विभाग, मुंबई यांचे कार्यालय,
सार्वजनिक बांधकाम विभाग,
२ रा मजला,बांधकाम भवन,
२५ मर्झबान रोड, फोर्ट,
मुंबई - ४०० ००१.
Email : presidency.ee@mahapwd.gov.in
दिनांक : 23/01/2024

सही
(व्ही. ए. पाटसकर)
कार्यकारी अभियंता,
इलाखा शहर विभाग, मुंबई

डीजीआयपीआर- 2023-24/7337

संपादकीय

सहज न्याय की राह

यह सुखद ही है कि देश की न्यायपालिका व कार्यपालिका इस बात को लेकर प्रतिबद्ध हैं कि अदालतों पर मुकदमों का बोझ घटाकर आम लोगों को सहज-सरल न्याय उपलब्ध कराया जाए। न्यायिक तंत्र में वंचित समाज व महिलाओं को न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिल सके। यह सुखद संकेत सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम से मिला, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायिक व्यवस्था में विश्वास बढ़ाने और मुकदमों का दबाव घटाने पर बल दिया। प्रधानमंत्री के इस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है कि सशक्त न्याय व्यवस्था से न केवल लोकतंत्र को मजबूती मिलती है, बल्कि विकसित भारत को इससे आधार मिलेगा। न्यायपालिका और कार्यपालिका इस बात को लेकर गंभीर नजर आ रही हैं कि कैसे अदालतों में लंबित मुकदमों का बोझ घटे और आम आदमी को शीघ्र न्याय मिल सके। निस्संदेह, पिछले वर्ष केंद्र सरकार द्वारा तीन नये आपराधिक न्याय कानून बनाए जाने से भारतीय न्यायिक व्यवस्था मौजूदा चुनौतियों से मुकाबले में सक्षम हुई है। यह विडंबना है कि हम आजादी के सात दशक बाद भी देश प्रेमियों के खिलाफ बनाये गये ब्रिटिश कानूनों का बोझ ढोते रहे हैं। निस्संदेह, इस कदम से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली न्यायिक प्रक्रिया को गति दे सकेगी। हालांकि, सरकार दावा कर रही है कि इस दिशा में क्षमता निर्माण और कानूनों के न्यायपूर्ण ढंग से क्रियान्वयन के लिये सरकारी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बावजूद नये कानूनों के उपयोग व सीमाओं से आम लोगों को अवगत कराना जरूरी है। निश्चित रूप से भारतीय न्यायिक व्यवस्था के प्रति भरोसा जगाने के लिये न्यायिक प्रणाली की विसंगतियों को दूर करने की जरूरत भी है। जिस ओर 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश ने ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा भी कि एक संस्था के रूप में प्रासंगिक बने रहने के लिये न्यायपालिका की क्षमता का विस्तार जरूरी है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस मौके स्थगन की संस्कृति और लंबी छुट्टियों के मुद्दे की ओर भी ध्यान खींचा। साथ ही उन्होंने वंचित समाज के लोगों को न्यायिक व्यवस्था में प्रतिनिधित्व दिये जाने की जरूरत बतायी। हालांकि, देश की शीर्ष न्यायिक व्यवस्था में महिलाओं का प्रतिनिधित्व पर्याप्त नहीं है, लेकिन मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि जिला न्यायपालिका में महिलाओं की 36 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित हुई है। जो कालांतर में शीर्ष स्तर पर लैंगिक समानता की राह बनाएगी। बहरहाल, राजग सरकार ने न्यायिक प्रणाली के प्रति भरोसा जगाने के लिये कई बदलावकारी फैसले लिये हैं। जिनमें जन विश्वास बिल का प्रधानमंत्री ने बार-बार जिक्र किया है। कहा जा रहा है कि इससे भविष्य में भारतीय न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम हो सकेगा। बीते साल केंद्रीय कैबिनेट ने जन विश्वास विधेयक में संसदीय समिति द्वारा दिए गए सुझावों को मंजूरी प्रदान की थी। दरअसल, जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक 2023 को जीवन व कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने वाला बताया जा रहा है। इसके अंतर्गत 42 अधिनियमों में 183 प्रावधानों में संशोधन करके छोटी गलतियों को अपराध की श्रेणी से हटाने का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत 19 मंत्रालयों से जुड़े अधिनियमों के प्रावधानों में संशोधन की बात कही गई है। संसद की संयुक्त समिति ने विधायी और विधि मामलों के विभागों के अलावा 19 मंत्रालयों से प्रावधानों को हटाने को लेकर विस्तृत चर्चा की थी। दरअसल, संसदीय समिति ने केंद्र सरकार को कारोबार तथा जीवनयापन को सुगम बनाने के लिये जन विश्वास विधेयक की तर्ज पर छोटे मामलों को अपराध की सूची से बाहर निकालने का सुझाव दिया था। जिसके लिये राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को प्रोत्साहन देने का सुझाव भी दिया था। समिति का सुझाव था कि इन प्रावधानों में संशोधन पिछली तिथियों से हो ताकि न्यायालय को लंबित मामलों को निपटाने में सहायता मिल सके। संसदीय समिति का अन्य सुझाव था कि मुकदमों में बढ़ोतरी से बचने के लिये कारावास के बजाय मौद्रिक दंड का प्रावधान किया जाए। साथ ही, छोटे-मोटे मामलों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाए।

शख्सियत | सोमनाथ शर्मा

परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय मेजर

सोमनाथ शर्मा का जन्म 31 जनवरी 1923 को दाध, कांगड़ा, पंजाब (वर्तमान हिमाचल प्रदेश) में एक डोगरा ब्राहमण परिवार में हुआ था। उनके पिता, अमर नाथ शर्मा, एक सैन्य अधिकारी थे। उनके कई भाई-बहनों ने सेना में सेवा की। उनके छोटे भाई, विश्व नाथ शर्मा, बाद में सेना के 14वें प्रमुख बने।

सोमनाथ शर्मा, पीवीसी, एक भारतीय मेजर थे। भारत के सर्वोच्च सैन्य सम्मान, परमवीर चक्र (पीवीसी) के पहले प्राप्तकर्ता थे, जिसे उन्हें मरणोपरांत प्रदान किया गया था। शर्मा को 1942 में 19वीं हैदराबाद रेजिमेंट की 8वीं बटालियन में नियुक्त किया गया था। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के अराकान अभियान के दौरान बर्मा में सेवा की थी, जिसके लिए उनका उल्लेख प्रेषणों में किया गया था। बडगाम की लड़ाई के दौरान उनकी वीरता और बलिदान के लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

भारतीय सेना के कर्मचारी सोमनाथ शर्मा ने देहरादून के प्रिंस ऑफ वेल्स रॉयल मिलिट्री कॉलेज में दाखिला लेने से पहले अपनी स्कूली शिक्षा शेरवुड कॉलेज, नैनीताल से पूरी की।

22 फरवरी 1942 को, रॉयल मिलिट्री कॉलेज से स्नातक होने पर, शर्मा को ब्रिटिश भारतीय सेना की 9वीं बटालियन, 19वीं34हैदराबाद रेजिमेंट में नियुक्त किया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, उन्होंने अराकान अभियान के दौरान बर्मा में जापानियों के खिलाफ कार्रवाई देखी। उस समय उन्होंने कर्नल के.एस. थिमैया की कमान में काम किया, जो बाद में जनरल के पद तक पहुंचे और 1957 से 1961 तक सेना प्रमुख बने। अराकान अभियान की लड़ाई के दौरान उनके कार्यों के लिए शर्मा का उल्लेख डिस्पैच में किया गया था। इस पुरस्कार को जनवरी 1946 में राजपत्रित किया गया था।

21 जून 1950 को, सोमनाथ शर्मा को 3 नवंबर 1947 को श्रीनगर हवाई अड्डे की रक्षा में उनके कार्यों के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इसकी स्थापना के बाद पहली बार दिया गया था। संयोगवश, शर्मा के भाई की सास सावित्री खानोलकर परमवीर चक्र की डिजाइनर थीं।1947-1948 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में लड़ते हुए, सोमनाथ शर्मा 3 नवंबर 1947 को श्रीनगर हवाई अड्डे के पास पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ते समय शहीद हो गए।

आकर्षक पैकेज में रोगवर्धक प्रोसेस्ड फूड

देविंदर शर्मा

जब भी मैंने कृषि उपज के लिए गारंटीशुदा कीमत का सवाल उठाया, ट्रोल के एक वर्ग ने हमेशा मुझे यह कहते हुए घेर लिया कि उपभोक्ता को खराब गुणवत्ता वाले कृषि उत्पादों के लिए भुगतान क्यों करना चाहिए। बड़े पैमाने पर शहरी आबादी में किसानों के प्रति अंतर्निहित दुराग्रह के अलावा, शायद वे जिस मुद्दे को उठाने की कोशिश कर रहे हैं वह यह है कि सारी कृषि उपज समान गुणवत्ता वाली नहीं होती है जो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदे जाने के काबिल हों।

दरअसल, वे यह नहीं जानते कि एमएसपी की डिलीवरी भी किसानों की उपज की गुणवत्ता पर आधारित है। उदाहरण के लिए, बेहतरीन चावल की कीमत सामान्य किस्मों की तुलना में अधिक है। इसी तरह चीनी की हाई रिकवरी वाले गन्ने के लिए, चीनी मिलें तुलनात्मक रूप से अधिक रेट देती हैं। यहां तक कि ए-ग्रेड के अंडों की कीमत भी सामान्य ग्रेड वालों से अधिक है। इसके लिए अभी भी और अधिक किया जा सकता है, लेकिन कम से कम यह उतना मामूली नहीं है जितना शहरी शिक्षित लोग हमें विश्वास दिलाना चाहते हैं। फिर भी, जो लोग किसानों को सही कीमतों से वंचित करने के लिए बार-बार कृषि उपज की क्वालिटी की बात करते हैं, वे ही लोग हैं जिन्हें खराब गुणवत्ता के लिए भुगतान करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों द्वारा धोखा दिया जाता है। वास्तव में, वे निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद बहुत ज्यादा कीमत पर खरीदते हैं, जो प्राथमिक उत्पादक को उनके द्वारा भुगतान की गई कीमत से कई गुणा अधिक होता है। केवल इसलिए कि प्रोसेस्ड फूड आकर्षक पैकेज में आता है, शायद कोई फिल्म स्टार या क्रिकेटर उस उत्पाद का विज्ञापन भी करता है, इसका मतलब यह नहीं है कि उपभोक्ता जो खरीदता है वह गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरता है। यह वास्तव में बहुत बुरी बात है। औसत उपभोक्ता, जो स्वास्थ्यवर्द्धक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की तलाश में मॉल्स या सुपरमार्केट में जाता है, यह अनुभव करने में नाकाम रहता है कि प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स में से अधिकांश जो अलमारियों में लाइनों में सजा है – एक सुपर मार्केट स्टोर में लगभग 40,000 ऐसे प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ हैं- वे अंततः जो खरीदते हैं वह सेहत को नुकसान पहुंचाने वाला है। अगर मुझे खराब क्वालिटी का कहने की अनुमति दी जाए तो यह अक्सर समाज में होने वाली अधिकांश बीमारियों की जड़ है। जैसा कि मैंने अक्सर कहा है कि यदि बतौर विक्रेता आप जहर को आकर्षक पैकेजिंग के साथ पेश करना जानते हैं तो संभावना है कि उपभोक्ता इसे खरीदने के लिए इच्छुक मिलें!

एक आंखें खोलने वाला अध्ययन जो ओपन-एक्सेस ट्रांसडिसिप्लिनरी जर्नल, ग्लोबलाइजेशन एंड हेल्थ में 1 दिसंबर, 2023 को प्रकाशित हुआ, मैं चाहता हूं कि हर उपभोक्ता इसे पढ़े। उस अध्ययन के तहत लॉरेन एट अल ने यह पता लगाने के लिए एक पद्धति विकसित की है कि प्रसंस्कृत भोजन और पेय की बिक्री की कितनी मात्रा सेहत के लिए फायदेमंद की श्रेणी में आती है और कितनी अस्वास्थ्यकर की कैटेगरी में। उन्होंने शीर्ष 20 वैश्विक खाद्य दिग्गज कंपनियों द्वारा निर्मित 1,294 ब्रांडों के 35,550 उत्पाद चुने। ये कंपनियां सात देशों- अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, भारत, ब्राज़ील, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से ली गई थीं- और आम तौर पर कोई भी यह मानेगा कि इन देशों की बेचे जा रहे प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर पैनी नज़र होगी।

साल 2022 में इन 20 बड़ी खाद्य कंपनियों की रिटेल सेल 7.7 अरब डॉलर से अधिक हो गई। मुझे यकीन है कि जो कुछ सामने आया उसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे। लगभग 89 प्रतिशत बिक्री को अस्वास्थ्यकर श्रेणी में रखा गया। हैरानी होती है कि गुणवत्ता के प्रति जागरूक आबादी के उसी वर्ग का क्या होता है जिसकी एक किसान द्वारा अपनी उपज बेचने पर तो भौंहें तन जाती हैं, लेकिन खुशी-खुशी सुपर मार्केट से अस्वास्थ्यकर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खरीद लेते हैं। शायद यह आकर्षक पैकेजिंग की चकाचौंध ही है जो उन्हें खरीदने के लिए धोखा देती है, उन्हें यह अहसास नहीं होता कि हर चमकती चीज सोना नहीं होती। अधिकतर अस्वास्थ्यकर बिक्री प्रोसेस किये गये खाद्य उत्पादों, शीतल पेय, कन्फैक्शनरी और स्नैक्स से संबंधित थी। उदाहरण के लिए मॉडलेज़, मार्स और पेप्सिको की 5 प्रतिशत से भी कम बिक्री सेहत के लिए सही खाद्य पदार्थों की श्रेणी में आती है, जबकि रेड बुल और फ़रेरो की कोई भी बिक्री बिल्कुल भी स्वास्थ्यकर नहीं थी। अध्ययन के मुताबिक, तुलनात्मक रूप से बेहतर कार्य करने वाली कंपनियों में ग्रुपो बिंबो (42 फीसदी), डैनोन (34 फीसदी) और कोनैग्रा (32 फीसदी) शामिल थीं हालांकि उनकी सेल का भी अधिकतर हिस्सा अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों से लिया गया था।

संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार भारत में 74 प्रतिशत आबादी स्वास्थ्यवर्द्धक आहार का खर्च वहन करने में असमर्थ है, और यह भी माना जाता है कि जो लोग सेहतमंद आहार का खर्च उठा सकते हैं, वे स्वास्थ्यकर भोजन नहीं कर रहे हैं, ऐसे में मुझे आश्चर्य होता है कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) क्या कार्य करता है जब देश में बिकने वाले प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता इतनी खराब है। इसका मतलब यह भी है कि एक परिवार जो अस्वास्थ्यकर भोजन खा रहा है वह असल में थाली तक पहुंचने वाले अस्वास्थ्यकर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का परिणाम है। फैसले लेने की उस प्रक्रिया में पैदा हो रहे हितों के टकराव की समस्त चर्चा के बावजूद, जिसका मकसद सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्द्धक खाद्य पदार्थ यकीनी बनाना है, वैश्विक स्तर पर भोजन का कार्पोरेट औपनिवेशीकरण हो रहा है। जिसके चलते कुछेक कृषि-व्यवसाय समूहों के हाथों में शक्ति सिमटती जा रही है। साल 2021 संयुक्त राष्ट्र खाद्य प्रणाली शिखर सम्मेलन, उसके उपरांत कोका-कोला के प्रायोजन के अंतर्गत सीओपी 27 और तेल कंपनियों द्वारा सीओपी 28, एक ऐसी दिशा की ओर इशारा करता है जो स्वयं अस्वस्थ है। यह मुझे एक अन्य संबद्ध प्रश्न पर लाता है। जब भी भारत में किसानों को ज्यादा कीमतें देने की बात होती है, तो मुझे तुरंत जवाब मिलता है कि फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा देने की जरूरत है। उदाहरण के तौर पर खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय को पीएम-किसान संपदा योजना के तहत मार्च 2026 की अवधि तक 4600 करोड़ रुपये आवंटित किये जा चुके हैं, जो प्रमुखतया एग्रो प्रोसेसिंग समूहों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण, कोल्ड चेन व मूल्य संवर्द्धन ढांचे से जोड़ने के मकसद को लेकर है। खाद्य प्रसंस्करण पर जोर ऐसे समय में दिया जा रहा है जब विश्व स्तर पर अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों और कैंसर समेत हानिकारक बीमारियों के बीच संबंध पर गंभीर चिंताएं जतायी जा रही हैं। साल 2018 के फ्रेंच न्यूट्रीनेट-सांटे कॉहोर्ट अध्ययन से पता चला है कि हमारे आहार में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में 10 प्रतिशत की वृद्धि स्तन और प्रोस्टेट कैंसर सहित समग्र कैंसर भार में 10 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना पैदा करने के लिए काफी है। लेकिन फिर भी, जब भी मुझे अग्रसर कृषि प्रसंस्करण उद्योग की संभावनाओं पर चर्चा करने वाले सम्मेलन में आमंत्रित किया गया- अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर कभी कोई सत्र नहीं हुआ। वास्तव में, यह कहना गलत नहीं होगा कि जो अर्थशास्त्री व अन्य लोग फूड प्रोसेसिंग की चर्चा करते हैं उन्हें बढ़ रहे कैंसर मामलों से इसके संबंध का कम ही पता होगा।

'एनवायरनमेंट हेल्थ प्रस्पेक्टिव्स' के जनवरी 2024 अंक में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन के जरिये ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित 921 कैमिकल्स की पहचान की गयी है। इन कैमिकल्स में से 90 प्रतिशत से अधिक रसायन खाद्य और पेय पदार्थों, कीटनाशकों जिनमें घरेलू कीट नियंत्रण शामिल है, के अलावा त्वचा और बालों की देखभाल उत्पादों में पाए जाते हैं।

मैंने पहले बात की थी कि 89 प्रतिशत प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थ गैर सेहतमंद हैं, उसके साथ तालमेल बिठाते हुए, यह स्पष्ट रूप से हमें बताता है कि प्रसंस्करण उद्योग तो जमकर मुनाफा कमा रहा है, लेकिन भोले-भाले उपभोक्ता ही हैं जो अंततः भारी कीमत चुकाते हैं।

सहज योग

यह आपकी सहायता कभी नहीं करता! आपको आत्मनिरीक्षण करने का और स्वयं देखने का प्रयत्न करना चाहिए इसकी प्रामाणिकता क्या है।

आत्मनिरीक्षण की शुरुआत

यह शुरुआत है आत्मनिरीक्षण की, यह बहुत महत्वपूर्ण है। मैं पहचान सकती हूं व्यक्ति को जो शब्द के वास्तविक अर्थ में ध्यान करता है और उसे जो सिर्फ 'ध्यान' करता है। आपको स्वयं को धोख़ा नहीं देना चाहिए। यदि आप अपने आप को धोख़ा दे रहे हैं, तो आप गुरु कैसे बन सकते हैं? एक अच्छा गुरु बनने के लिए, आपकोसबसे पहले अपने भीतर बहुत ईमानदार होना होगा और पता लगाना होगा कि आप क्या कर रहे हैं, आपकी मंशा क्या है, आपने क्या किया है। हमारे छः शत्रु हैं, जैसा कि मैंने आपको बताया है और हम उचित सिद्ध करते हैं इन सभी दुश्मनों को। हम सोचते हैं, "यह ठीक है! आखिरकार मैंने इस कारण से ऐसा किया, मुझे ऐसा करना पड़ा।" कोई कहेगा "मैं गरीब था, इसलिए मुझे बेईमान होना पड़ा"। कोई और कहेगा कि, "मुझे झूठ बोलना पड़ा "। कोई और कहेगा कि "मुझे अनैतिक होना पड़ा"। यह सबसे बड़ी चीज़ मनुष्य के पास है वह है प्रामाणिकता! जानवरों के पास यह नहीं है। उनके पास अपने निश्चित विचार हैं, उनका निश्चित 'स्वभाव' है। लेकिन मनुष्य हर तरह की अनुचित चीजें कर सकता है और उन्हें उचित ठहरा सकता है। यह प्रामाणिकता आपको अपने उत्थान में सहायता नहीं करती है। मैंने ऐसा इस कारण से किया। यह आपकी सहायता कभी नहीं करता! आपको आत्मनिरीक्षण करने का और स्वयं देखने का प्रयत्न करना चाहिए इसकी प्रामाणिकता क्या है। तो जब आप अपना समर्थन सभी प्रकार की विपरीत बातों को करने में शुरू करते हैं, आप कैसे उठ सकते हैं? आप कैसे उत्थान कर सकते हैं? हर समय आप नीचे उतरने की कोशिश कर रहे हैं! तो भीतर शुद्धि तभी संभव है यदि आप अपने आप को स्पष्ट रूप से देख सकें, यदि आप नहीं देख सकते हैं तो आप कैसे शुद्ध करेंगे? अगर मैं दर्पण में नहीं देख सकती, मैं कैसे देखूंगी कि मेरे चेहरे में क्या अनुचित है? तो जब आप सत्य को देखना शुरू करते हैं, और अपने आप कि तुलना उससे करते हैं, तभी आप स्वयं को स्वच्छ कर सकते हैं। लेकिन पहचान सत्य के साथ होनी चाहिए। उदाहरण के लिए आप दर्पण में अपना चेहरा देखते हैं और आपको कुछ अनुचित लगता है, आपकी पहचान उस अनुचित के साथ नहीं है, लेकिन आपकी पहचान आपके अपने चेहरे के साथ है, और इसलिए आप इसे स्वच्छ करते हैं, निर्मल करते हैं। उसी तरह, यदि आपकी पहचान आपके स्वयं (आत्मा) के साथ है, आप इससे छुटकारा नहीं पा सकते। जब आप आगे चढ़ रहे हैं धार्मिकता के नए मार्ग में, अच्छाई के, करुणा और प्रेम के, आपको स्वयं को देखना चाहिए, ध्यान से देखिए अपने आप को। आप क्या कर रहे हैं? आप कहाँ जा रहे हैं? आप कितने मूर्ख हैं? आपको स्वयं को धोख़ा नहीं देना चाहिए। दूसरों को आपको धोख़ा देने दीजिए, दूसरों को जो भी पसंद है, उन्हें करने दीजिए।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा | प्रीति जिंटा : जन्म-31 जनवरी, 1975 | जन्म

प्रीति जिंटा एक एक्ट्रेस हैं जो हिंदी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उनका जन्म 31 जनवरी 1975 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में हुआ था। अंग्रेजी ऑनर्स और आपराधिक मनोविज्ञान में डिग्री के साथ स्नातक होने के बाद, जिंटा ने 1998 में दिल से.. में अभिनय की शुरुआत की, उसके बाद उसी वर्ष सोल्जर में भूमिका निभाई। इन फिल्मों में अभिनय के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला पदार्पण के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार दिलाया।

मैं नकारात्मक रिश्तों से दूर रहती हूं

क्या आप जानते हैं कि एक अभिनेत्री होने का सबसे बुरा हिस्सा क्या है? हर समय खूबसूरत दिखने और उत्तम व्यवहार करने का दबाव है। लेकिन मैं संपूर्ण नहीं हूं, कोई भी नहीं है। लोगों की हमेशा एक राय होगी, लेकिन आपको जीवन वैसे जीना होगा जैसे आप जीना चाहते हैं। दूसरों को यह बताना बहुत आसान है कि क्या करना है, लेकिन इसे स्वयं पर लागू करना कठिन है। अपने सपने को सच करने का सबसे तेज़ तरीका है जागना! अगर मैं किसी व्यक्ति के सामने अपना पागलपन, जंगली स्वभाव रख सकता हूं और वह फिर भी मुझे पसंद करता है, तो यह रोमांटिक है। एक स्क्रिप्ट की तरह, आपको एक व्यवसाय योजना अपने तक ही सीमित रखनी होगी। किसी के चेहरे को देखकर उससे प्यार करना सतही है। मेरे लिए मुझे उस व्यक्ति की खोज करने की आवश्यकता है। मैं कभी किसी की ओर देखकर नहीं कहूंगी - वह वही है! मैं नकारात्मक रिश्तों से दूर रहती हूं। वे ऊर्जा-खपत करने वाले पिशाच हैं। मैं उन्हें संभाल नहीं सकता। मेरी यह पूरी बात है कि जब

भगवान आपको आपकी कल्पना से ज्यादा देता है, तो आपको उसे वापस लौटा देना चाहिए। जब आप कुछ ऐसा करने से दूर हो जाते हैं जो आप हमेशा से करते आ रहे हैं और फिर उस पर वापस लौटते हैं तो आपके पास एक अलग दृष्टिकोण होता है। आपमें हर चीज़ पर प्रहार करने की इच्छा और इच्छाशक्ति होती है। मैंने जो सीखा है वह यह है कि कभी भी उस व्यक्ति के साथ काम न करें, जिसके साथ आप रिश्ते में हैं, क्योंकि कभी-कभी आपको ब्रेक की आवश्यकता होती है। कार्य करने के लिए आपको दर्द का पता होना चाहिए। तुम्हें पता होना चाहिए कि प्यार में होने का क्या मतलब है, अस्वीकार किए जाने का क्या मतलब है। अभिनय वास्तव में आपकी नसों पर भारी पड़ सकता है। मेरा मतलब है कि हमें जीवन से भी बड़ा बनना होगा।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

कुर्मपुराण में है चारों वेदों का सार

(अट्ठारह पुराणों का संक्षिप्त परिचय भाग-4)

पिछले भाग में हमने अग्निपुराण, भविष्यपुराण, ब्रह्मावैवर्त पुराण, लिंगपुराण के बारे में पढ़ा। इस भाग में हम वराहपुराण, स्कन्दपुराण, वामनपुराण, कुर्मपुराण और मत्स्यपुराण के बारे में पढ़ेंगे। इन पुराणों में उत्तरायण तथा दक्षिणायन विचरने, अमावस और पूर्णमासी के कारणों का वर्णन किया गया है।

वराह पुराण: वराहपुराण में दस हजार श्लोक हैं। इस ग्रंथ में भगवान् श्री हरि के वराह अवतार की कथा, तथा इसके अतिरिक्त भागवत्गीता महात्म्य का भी विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है, इस पुराण में सृष्टि के विकास, स्वर्ग, पाताल तथा अन्य लोकों का वर्णन भी दिया गया है, श्राद्ध पद्धति, सूर्य के उत्तरायण तथा दक्षिणायन विचरने, अमावस और पूर्णमासी के कारणों का वर्णन है। महत्व की बात यह है कि जो भूगौलिक और खगौलिक तथ्य इस पुराण में संकलित हैं

वही तथ्य पाश्चात्य जगत के वैज्ञानिकों को पंद्रहवी शताब्दी के बाद ही पता चले थे।

स्कन्द पुराण: स्कन्दपुराण सब से विशाल पुराण है। इस पुराण में इक्यासी हजार श्लोक और छः खण्ड हैं, सकन्द पुराण में प्राचीन भारत का भोगौलिक वर्णन है, जिसमें सत्ताईस नक्षत्रों, अट्ठारह नदियों, अरुणाचल प्रदेश का सौंदर्य, भारत में स्थित भगवान भोलेनाथ के बारह ज्योतिर्लिंगों, तथा गंगा अवतरण के आख्यान शामिल हैं, इसी पुराण में स्याहाद्री पर्वत श्रंखला तथा कन्या कुमारी मन्दिर का उल्लेख भी किया गया है, इसी पुराण में सोमदेव, तारा तथा उन के पुत्र बुद्ध ग्रह की उत्पत्ति की अलंकारमयी कथा भी है।

वामन पुराण: वामन पुराण में निन्यानवें अध्याय तथा दस हजार श्लोक हैं, एवं दो खण्ड हैं। इस पुराण का केवल प्रथम खण्ड ही उपलब्ध है। इस पुराण में भगवान के वामन अवतार की कथा विस्तार से कही गयी हैं, जो भरूच कच्छ (गुजरात) में हुआ था। इसके अतिरिक्त इस ग्रंथ में भी सृष्टि, जम्बूद्वीप तथा अन्य सात द्वीपों की उत्पत्ति, पृथ्वी की भोगौलिक स्थिति, महत्वपूर्ण पर्वतों, नदियों तथा भारत के खण्डों का वर्णन है।

कुर्म पुराण: कुर्मपुराण में अट्ठारह हजार श्लोक तथा चार खण्ड हैं। इस पुराण में चारों वेदों का सार संक्षिप्त रूप में दिया गया है। कुर्म पुराण में कुर्म अवतार से सम्बन्धित सागर मंथन की कथा विस्तारपूर्वक लिखी गयी है। इस में ब्रह्माजी, शिवजी, विष्णुजी, पृथ्वी माता, गंगा मैया की उत्पत्ति, चारों युगों के बारे में सटीक जानकारी, मानव जीवन के चार आश्रम धर्मों, तथा चन्द्रवंशी राजाओं के बारे में भी विस्तार से वर्णन है।

मत्स्य पुराण: मत्स्यपुराण में दो सौ नब्बे अध्याय तथा चौदह हजार श्लोक हैं, इस ग्रंथ में मत्स्यअवतार की कथा का विस्तरित उल्लेख किया गया है। सृष्टि की उत्पत्ति और हमारे सौर मण्डल के सभी ग्रहों, चारों युगों तथा चन्द्रवंशी राजाओं का इतिहास वर्णित है। कच, देवयानी, शर्मिष्ठा तथा राजा ययाति की रोचक कथा भी इसी मत्स्य पुराण में है। सामाजिक विषयों के जानकारी के इच्छुक भाई-बहनों को मतस्य पुराण को जरूर पढ़ना चाहिए। (क्रमशः)

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

संस्कार

लगभग दस साल का एक बालक राधा का गेट का बेल बजा रहा था। राधा ने बाहर आकर पूछा क्या है क्यों बेल बजा रहे हो? बालक बोला – आंटी जी क्या मैं आपका गार्डन साफ कर दूं ?

राधा – नहीं हमें साफ नहीं कराना।

फिर हाथ जोड़कर दयनीय स्वर में वह बालक बोलाः आंटी प्लीज साफ करवा लीजिए, मैं बहुत अच्छे से साफ करता हूं ।

उसकी बात सुनकर राधा द्रवित हो उठी और उस बच्चे को गार्डन साफ करने के बदले कितना पैसा लेगा जब पूछा तो वह बालक बोला आंटी जी पैसा नहीं चाहिए। आप मुझे बस खाना दे देना ।

राधा को लगा कि बच्चा बहुत भूखा है इसलिए खाना मांग रहा होगा । मैं इसे पहले कुछ खाना दे देती हूं और थोड़ी देर में राधा खाना लेकर आयी और बोली लड़के पहले तू खाना खा ले फिर काम करना ।

बच्चा बोला– नहीं आंटी जी पहले मैं काम खत्म कर लूं फिर आप खाना दे देना ।

ठीक है कहकर राधा अपने काम में मशगूल हो गई । एक घंटे में उस लड़के ने अपना काम निपटा लिया और आंटी को दिखाकर के बोला, देखिए आंटी अच्छी सफाई हुई है । राधा उसके बढ़िया काम को देखकर अत्यधिक प्रसन्न हुई। उसके काम से खुश होकर राधा तुरंत भीतर से खाना लेकर आयी और उसे लड़के को दिया ।

बालक ने जेब से एक थैला निकला और खाने को उस थैले में रख लिया। ये देख राधा को आश्चर्य हुआ और बोली तुम्हे तो भूख लगी थी न तो फिर ये खाना पैक क्यों कर लिया, तू खाना यही खा ले और जरुरत होगी तो और भी दूंगी ।

बालक बोला – नहीं आंटी मेरी बीमार माँ घर पर है । सरकारी अस्पताल से दवा तो मिल गयी है, पर डॉ. साहब ने कहा है कि दवा खाली पेट नहीं खाना है ।

राधा उस बाल की बात सुनकर भावुक हो गयी बस उसकी आंखों से आंसू निकलने वाला था । उसने उस मासूम बालक को खुद अपने हाथों से खाना खिलाया और उसकी मां के लिए ताजी गर्म रोटियां बनाई। बालक के साथ उसके मां के पास गयी और कही – बहन आप बहुत अमीर हो जो 'दौलत' आप ने अपने बेटे को दी है वो हम अपने बच्चों को नहीं दे पाए। आप धन्य है आपका बच्चा बड़ा ही 'खुद्दार' है ।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

एक्सरसाइज से दें बट को शेप

बट से फैट को कम करने के लिए एक्सरसाइजज और हेल्दी लाइफ स्टाइल के संयोजन की जरूरत है। यदि आप अपने बट को कम करना चाहते हैं, तो आपको ऐसे व्यायाम करने होंगे जो इस पर ध्यान केंद्रित करें। ये व्यायाम आपके बट को टोन और कसने में मदद करेंगे। यहां कुछ आसान व्यायाम दिए गए हैं जिन्हें आप आजमा सकते हैं।

उठक बैठक

एक कुर्सी पर बैठ जाओ।
फिर से खड़े हो जाओ।
ऐसा 10 से 15 बार करें।

चलना

बाहर टहलने जाएं।
तेज चलें, लेकिन बहुत तेज नहीं।
हर दिन कम से कम 30 मिनट तक चलने की कोशिश करें।

लेग लिफ्ट्स

करवट लेकर लेट जाएं।
एक पैर ऊपर उठाएं।
वापस नीचे करें।
इसे तरफ 10 से 15 बार ऐसा हर करें।

स्टेप-अप्स

एक सीढ़ी या नीची बेंच खोजें।
एक पैर से उस पर चढ़ें।
वापस नीचे कदम रखें।
प्रत्येक पैर पर 10 से 15 बार ऐसा करें।

जंपिंग जैक

अपने पैरों को एक साथ मिलाकर और अपने हाथों को बगल में रखकर सीधे खड़े हो जाएं।
अपने पैरों को फैलाते हुए और अपने हाथों को अपने सिर के ऊपर उठाते हुए ऊपर कूदें।
फिर से कूदें।
अपने पैरों को एक साथ वापस लाएं और हाथों को नीचे की तरफ लाते हुए सामान्य स्थिति में आ जाएं।
इन स्टेप्स को 10 से 15 बार दोहराएं।

साइकिल क्रंचेज

अपने हाथों को अपने सिर के पीछे रखकर पीठ के बल लेटें।
अपने शरीर को मोड़ते हुए एक घुटने को अपनी छाती की ओर ऊपर लाएं ताकि कोहनी उस घुटने से स्पर्श हो जाए।
करवट बदलें और दूसरे घुटने और कोहनी से भी यही गति करें।
ऐसा हर तरफ 10 से 15 बार करें।

डांस

अपना पसंदीदा गाना लगाएं और डांस करें
नाचते समय अपने कूल्हों और नितंबों को हिलाएं।
कम से कम 20 से 30 मिनट तक डांस करें।

रस्सी कूद

एक कूदने वाली रस्सी पकड़ो।
अपने पैरों की उंगलियों पर धीरे से उतरते हुए, इसके ऊपर से छलांग लगाएं।
5 से 10 मिनट तक कूदते रहें।

पौष्टिक भोजन

खूब फल और सब्जियां खायें।
बहुत अधिक जंक फूड खाने से बचने की कोशिश करें।
खूब सारा पानी पीएं।

तैराकी

तैरने के लिए जाएं।
पूल में तैराकी करें।
20 से 30 मिनट तक तैरने की कोशिश करें।

सर्दियों में डायपर रैश से करें नवजात शिशुओं की देखभाल

सर्दियों में ठंडा तापमान और शुष्क हवा आपके बच्चे की नाजुक त्वचा को प्रभावित कर सकती है। खासकर डायपर एरिया के आसपास। शिशुओं की त्वचा संवेदनशील होती है, और ठंड का मौसम डायपर रैश जैसी मौजूदा समस्याओं को और भी खराब कर सकता है। इस मौसम में अपने बच्चे को आरामदायक और त्वचा की जलन से मुक्त रखने के लिए विशेष देखभाल की जरूरत होती है। यदि आपका बच्चे के डायपर एरिया के आसपास रैशेज है, तो घबराना नहीं! कुछ सरल स्टेप्स से, आप अपने बच्चे की त्वचा की रक्षा कर सकते हैं। इसके साथ ही यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वे पूरे सर्दियों में आरामदायक और रैश-मुक्त रहें। ठंड के महीनों के दौरान अपने बच्चे के डायपर एरिया को स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद के लिए यहां कुछ आसान टिप्स दी गई हैं।

नीलम राम अवध

सही डायपर साइज चुनें

सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे का डायपर अच्छी तरह से फिट हो लेकिन बहुत टाइट न हो। उचित फिट लीक और असुविधा को रोकने में मदद करता है।

डायपर बार-बार बदलें

सर्दियों के दौरान, डायपर से निकलने वाली नमी त्वचा में जलन और परेशानी पैदा कर सकती है। अपने बच्चे की त्वचा को शुष्क और स्वस्थ रखने के लिए गीले या गंदे होने पर डायपर तुरंत बदलें।

डायपर क्रीम

डायपर रैश को रोकने के लिए डायपर क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह नमी को बढ़ने से रोकता है। इसके लिए डायपर क्रीम की एक पतली परत लगाएं। संवेदनशील स्किन के लिए नेचुरल इंग्रीडिएंट वाले क्रीम की तलाश करें। आप चाहें तो इसके लिए डॉक्टर की सलाह भी ले सकते हैं।

ज्यादा गर्मी से बचें

हालांकि सर्दियों में अपने बच्चे को गर्म रखना जरूरी है। लेकिन ज्यादा गर्मी से ज्यादा पसीना आ सकता है और असुविधा हो सकती है। अपने बच्चे को सांस लेने योग्य लेयर वाले कपड़े पहनाएं। विशेष रूप से सोते समय ज्यादा कपड़े पहनाने से बचें।

डायपर क्षेत्र को साफ और सूखा रखें

हर बार डायपर बदलने के बाद, अपने बच्चे के डायपर एरिया को मुलायम कपड़े या बेबी वाइप्स से धीरे से साफ करें। जलन से बचने के लिए त्वचा को रगड़ने के बजाय थपथपाकर सुखाएं। फ्रेश डायपर पहनाने से पहले सुनिश्चित करें कि वह डायप एरिया पूरी तरह से सूखा हो।

सफाई के लिए गुनगुने का पानी का इस्तेमाल

सर्दियों के दौरान, अपने बच्चे के डायपर एरिया को को साफ करने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। इससे ठंड में होने वाली परेशानी को रोकने में मदद मिल सकती है। आप वाइप्स को वाइप वार्मर में रखकर या इस्तेमाल से पहले कुछ सेकंड के लिए अपने हाथों में पकड़कर गर्म कर सकते हैं।

नमीयुक्त रहें

सर्दियों की ठंडी हवा डायपर एरिया सहित त्वचा को शुष्क कर सकती है। अपने बच्चे की त्वचा को हाइड्रेटेड रखने और सूखापन और जलन को रोकने के लिए एक सौम्य, खुशबू रहित मॉइस्चराइजर लगाएं।

जड़ वाली सब्जियों से बीमारी को मिटाएं

जड़ वाली सब्जियां न केवल स्वादिष्ट होती हैं बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करती हैं। भारत में, हमारे पास बहुत सारी सब्जियां हैं जो जमीन के नीचे उगती हैं। इन्हें जड़ वाली सब्जियां कहा जाता है। ये न केवल स्वादिष्ट होते हैं बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी बहुत अच्छी होती हैं। आइए नीचे जानते हैं इन सब्जियों के बारे में।



आलू : आलू को सब्जियों का राजा कहा जाता है। इसमें कार्बोहाइड्रेट प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो इसे ऊर्जा का एक बड़ा स्रोत बनाता है। इनमें विटामिन सी, पोटेशियम और बी विटामिन होते हैं जो समग्र स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। आलू एक बहुमुखी सब्जी है और इसे कई तरीकों से पकाया जा सकता है, जैसे उबालना, भूनना या फ्राई करना। यह तरह से स्वादिष्ट लगता है।

शकरकंद : शकरकंद विटामिन ए और सी से भरपूर होते हैं, जो स्वस्थ त्वचा और इम्यूनिटी के लिए जरूरी हैं।इनमें उच्च मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन में सहायता करता है। यह तृप्ति की भावना को बढ़ावा देता है, जो वजन कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। शकरकंद को बेक कर सकते हैं, भून सकते हैं या उबाल भी सकते हैं।

चुकंदर: चुकंदर एंटी ऑक्सिडेंट्स, विशेष रूप से बीटालेंस से भरपूर होते हैं, जो सूजन से लड़ने और पुरानी बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। इनमें नाइट्रेट होते हैं, जो रक्तचाप को कम करने और एथलेटिक प्रदर्शन में सुधार करने में मदद कर सकते हैं। चुकंदर को सलाद में कच्चा खाया जा सकता है। इसके अलावा साइड डिश के रूप में भूनकर या पौष्टिक पेय के रूप में जूस बनाकर खाया जा सकता है।

गाजर: गाजर अपनी उच्च बीटा-कैरोटीन इंग्रीडियंट के लिए प्रसिद्ध है, जो शरीर में विटामिन ए में परिवर्तित हो जाते हैं। यह आंखों की तेज रोशनी और त्वचा के स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है। गाजर फाइबर से भी भरपूर हैं, जो पाचन में सहायता करते हैं। गाजर को नाश्ते के रूप में कच्चा, सलाद में कद्दूकस करके, या करी और सूप में पकाया जा सकता है।

मूली : मूली में कैलोरी कम होती है लेकिन फाइबर ज्यादा होता है, जो इसे वजन घटाने वाले आहार के लिए एक बढ़िया अतिरिक्त बनाता है। इनमें सल्फोराफेन जैसे यौगिक होते हैं, जिनमें कैंसर रोधी गुण होते हैं। ये लीवर के स्वास्थ्य में सहायता करते हैं। मूली को सलाद में कच्चा खाया जा सकता है, मसाले के रूप में अचार बनाया जा सकता है, या करी में पकाया जा सकता है।

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे।

वृष किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

मिथुन आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

कर्क आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी।

सिंह आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

कन्या स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

तुला वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी।

वृश्चिक वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं।

धनु धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी।

मकर बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा।

कुंभ व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। बुद्धि का प्रयोग करें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा।

मीन जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

जीवन में कर्ज का योग

ज्योतिष में, कुंडली के छठे, ग्यारहवें और बारहवें भाव से कर्ज की स्थिति देखी जाती है। इन भावों के स्वामियों के कमजोर होने पर या इन भावों में शुभ ग्रहों के होने पर कर्जों की स्थिति बन जाती है।

छठे भाव से कर्ज

छठा भाव शत्रु, रोग, कर्ज, ऋण, शस्त्र, बीमारी, पशु, नौकरी, आदि का कारक है। छठे भाव का स्वामी ग्रह मंगल है। मंगल का कमजोर होना या छठे भाव में मंगल, शनि, राहु या केतु का होना कर्ज के योग बनाता है।

ग्यारहवें भाव से कर्ज

ग्यारहवां भाव लाभ, आय, धन, भाइयों, मित्रों, आदि का कारक है। ग्यारहवें भाव का स्वामी ग्रह गुरु है। गुरु का कमजोर होना या ग्यारहवें भाव में गुरु, शनि, राहु या केतु का होना कर्ज के योग बनाता है।

बारहवें भाव से कर्ज

बारहवां भाव व्यय, हानि, ऋण, बंधन, यात्रा, आदि का कारक है। बारहवें भाव का स्वामी ग्रह शनि है। शनि का कमजोर होना या

भाग-1

बारहवें भाव में शनि, राहु या केतु का होना कर्ज के योग बनाता है। कुंडली में कर्ज के योग बनने के कुछ अन्य कारण भी हैं, जैसे : कुंडली में अग्नि तत्व की मात्रा मजबूत होने पर भी कर्ज की संभावना बढ़ जाती है। मंगल का कमजोर होना भी कर्जों के लिए काफी हद तक जिम्मेदार होता है। कुंडली में कर्ज के योग बनने से व्यक्ति को कर्ज लेने की आवश्यकता होती है। कर्ज किसी भी प्रकार का हो सकता है, जैसे कि बैंक से लोन, व्यक्तिगत लोन, या व्यापारिक लोन। कर्ज लेने के बाद व्यक्ति को उसे चुकाना होता है। अगर व्यक्ति कर्ज चुकाने में असमर्थ होता है, तो उसे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कुंडली में कर्ज के योग बनने से बचने के लिए व्यक्ति को ज्योतिषीय उपाय कर सकते हैं। इन उपायों में शामिल हैं:

मंगल ग्रह की शांति के उपाय करना।

शनि ग्रह की शांति के उपाय करना।

अग्नि तत्व को कम करने के उपाय करना।

कुंडली में कर्ज के योग बनने पर व्यक्ति को ज्योतिषी से परामर्श करना चाहिए। ज्योतिषी व्यक्ति की कुंडली का विश्लेषण करके कर्ज के योगों को दूर करने के लिए उचित उपाय बता सकता है।

प्रियंका जैन
9769994439

यूपी में फिर चली तबादला एक्सप्रेस

31 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर

एजेंसी । लखनऊ

शासन ने मंगलवार को पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। लखनऊ, मेरठ, गोरखपुर कई अन्य स्थानों पर तैनात 31 आईपीएस अधिकारियों का तबादले किए हैं। आईपीएस प्रभाकर चौधरी को पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना, मुख्यालय, पुलिस महानिदेशक लखनऊ नियुक्त किया गया है।

किसे कहां मिली तैनाती?

पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक, लखनऊ में तैनात आईपीएस अधिकारी रोहन पी. कनय को पुलिस उपमहानिरीक्षक तकनीकी सेवाएं, लखनऊ नियुक्त किया गया है। 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी संजय सिंह को 2वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर से ट्रांसफर कर गोरखपुर पीटीसी उपमहानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। आईपीएस वैभव कृष्णा को पुलिस उपमहानिरीक्षक, (वी.आई.) सुरक्षा नियुक्त किया गया है, जबकि एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना अयोध्या पद पर तैनात आईपीएस संजीव त्यागी को पुलिस उपहानिरीक्षक अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ नियुक्त किया गया है।

जामा मस्जिद बनाम नीलकंठ महादेव मंदिर मामले की फिर टली सुनवाई

बदायूं। शहर की जामा मस्जिद की जगह नीलकंठ महादेव का मंदिर होने का दावा करते हुए दायर की गई याचिका पर मंगलवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन एक वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन हो जाने के कारण सुनवाई फिर टल गई। अब सुनवाई की अगली तारीख 9 फरवरी लगी है। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश

अध्यक्ष मुकेश पटेल की ओर से याचिका दायर की गई है। दावे के समर्थन में गजेटियर और ऐतिहासिक पुस्तकों के साक्ष्य दिए हैं। कई महीनों से याचिका की पोषणीयता पर सुनवाई चल रही है। वर्तमान में यह मामला सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक की अदालत में चल रहा है। आज भी इस पर सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने नौ फरवरी की तारीख लगा दी है।

राजस्थान

युवक को तलवार से काटा

जालोर। आहोर के भाद्राजून थाना क्षेत्र के शंखवाली गांव में सोमवार रात ढाई बजे शादी समारोह में आपसी कहासुनी इतनी बढ़ गई कि गुस्साए रिश्तेदारों ने युवक की तलवार मार कर हत्या कर दी। युवक शादी से लौटकर अपने खेत पर सो रहा था। आरोपितों ने सोते हुए युवक के मुंह पर दो और एक वार हाथ पर किया। वार इतना तेज था कि उसकी हथेली कट कर अलग हो गई। युवक के पिता ने भाद्राजून थाने में पांच नामजद आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने दो आरोपितों को डिटेन कर लिया है, जिनसे कहासुनी की वजह को लेकर पूछताछ की जा रही है।

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखकर दी गई श्रद्धांजलि

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धा नमन करते हुए उनके बताए सत्य, अहिंसा और नैतिकता के मार्ग पर चलते उनके बताए आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया है। राजभवन में मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बापू की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार ने राज्यपाल की ओर से गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बाद में सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा नमन किया।

शेखावत ने दीवार पर उकेरा कमल, लिखा-एक बार फिर से मोदी सरकार

जोधपुर। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र की दीवार पर 'एक फिर से मोदी सरकार' स्लोगन लिखा और कमल का फूल उकेरा। शेखावत ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्रों की कतार में खड़ा करने के लिए हम पीएम मोदी के "जनसेवादूत" इस बार 400 से अधिक लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प ले चुके हैं। इसी उद्देश्य से दीवार पर संदेश लेखन का कार्य आरंभ किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता से भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता उत्साहित है। भारत को विकसित राष्ट्रों की कतार में खड़ा करने के लिए सभी कार्यकर्ता संकल्पित होकर इस बार देश में 400 से अधिक कमल खिलाने की ठान चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी ने इसी उद्देश्य से प्रचार प्रसार विशेष रूप से दीवार लेखन का कार्य आरंभ किया है।

सपा ने 16 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट की जारी

मैनपुरी से डिम्पल यादव लड़ेंगी चुनाव

एजेंसी । लखनऊ

लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के मंगलवार को उत्तर प्रदेश की 16 लोकसभा सीटों से उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की है। मैनपुरी से डिम्पल यादव को टिकट दिया गया है। बदायूं लोकसभा सीट से धर्मेंद्र यादव, एटा से देवेश शाक्य, उन्नाव लोकसभा सीट से सपा ने अन्नू टण्डन पर दांव खेला है। जबकि लखनऊ सीट से रविदास मेहरोत्रा और अकबरपुर से राजाराम पाल को टिकट दिया गया है।

फिरोजाबाद से अक्षय यादव को मिला टिकट

संभल से वर्तमान सांसद शफीकुर्रहमान बर्क पर अखिलेश ने एक बार फिर भरोसा जताया है, फिरोजाबाद से अक्षय यादव सपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।खीरी लोकसभा सीट से उत्कर्ष वर्मा को टिकट दिया गया है, जबकि धौरहरा से आनन्द भदौरिया, फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, बांदा लोकसभा सीट से पार्टी ने शिवशंकर सिंह पटेल को टिकट दिया है। फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, अम्बेडकरनगर से लालजी वर्मा, बस्ती से रामप्रसाद चौधरी और सीएम योगी आदित्यानाथ के गृह जिले से काजल निषाद को जीत की जिम्मेदारी दी गई है।

सीएम योगी ने 17 जिलों के अधिकारियों को लगाई फटकार

फसलों के नुकसान का मुआवजा देने में बरत रहे थे लापरवाही

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा देने में लापरवाही बरतने पर सीएम ने नाराजगी जताई है। साथ ही 17 जिलों के अधिकारियों से जवाब तलब किया है। दरअसल,सीएम योगी ने हाल ही में विभिन्न आपदाओं से खराब हुई फसलों के मुआवजे और अन्य राहत को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने त्रुटियों के कारण फसलों के नुकसान के दोबारा सत्यापन में लापरवाही और मुआवजा नहीं देने पर नाराजगी जताई। साथ ही अधिकारियों को तत्काल सत्यापन कराकर मुआवजा देने का निर्देश दिया। बता दें कि फसलों के नुकसान का सत्यापन करने के बाद किसानों को मुआवजा और अन्य राहत प्रदान की जाती है।

सीएम योगी ने लगाई कड़ी फटकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक में पाया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित हजारों किसानों को डाटा फिडिंग के दौरान आधार, खाता संख्या और डुप्लीकेसी के कारण मुआवजे का भुगतान नहीं किया जा सका। जबकि उन्होंने अधिकारियों को दोबारा सत्यापन कर मुआवजा देने का निर्देश दिया था। यहां तक कि प्रदेश के कई जिलों के अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों का सर्वे भी नहीं कराया। इसकी वजह से समय से किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कड़ी फटकार लगाई। इतना हीं नहीं उन्होंने लापरवाह 17 एडीएम एफआर से जवाब तलब करते हुए कड़ा एक्शन लेने के निर्देश दिये।

नक्सलियों की साजिश फिर नाकाम

लातेहार के जंगल से पांच किलो का टिफिन बम बरामद

एजेंसी । लातेहार

झारखंड में नक्सलियों की साजिश एक बार फिर नाकाम हो गयी। लातेहार में सर्च ऑपरेशन के दौरान पांच किलो का टिफिन बम बरामद किया गया है। सीआरपीएफ जवानों को मंगलवार को ये सफलता मिली। लातेहार के मोरवाई गांव में सुरक्षाबलों ने टिफिन बम बरामद किया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर जंगल में ही बम निरोधक दस्ते की टीम ने इसे नष्ट कर दिया। सीआरपीएफ जवानों द्वारा जंगल व आसपास के इलाकों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की थी साजिश

झारखंड के लातेहार जिले में सुरक्षाबलों को माओवादियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुरक्षाबलों द्वारा जंगली इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इसी दौरान सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जंगल में लगाया गया पांच किलो का टिफिन बम बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी को गुप्त सूचना मिली थी। इसी के आधार पर लातेहार जिले के गारू थाना क्षेत्र के मोरवाई गांव के सैदूप जंगल में पांच किलो का टिफिन बम बरामद किया गया है। कयास लगाया जा रहा है कि माओवादियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से टिफिन बम को प्लांट किया था।।

सीएम हेमंत सोरेन से फिर चलेगा सवालों का सिलसिला

ईडी ने मुकर्रर कर दी तारीख और समय

रांची। कई घंटों तक चले सस्पेंस के बाद आखिरकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को सामने आ ही गए। अब उनके सामने आने के बाद प्रवर्तन निदेशालय सोरेन के साथ सवालों का सिलसिला फिर से शुरू करेगा। जमीन घोटाले से जुड़े एक मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत दर्ज केस में ED हेमंत सोरेन ने पूछताछ करना चाहती है। अब ईडी ने हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए तारीख और समय मुकर्रर कर दी है। ईडी की टीम इस केस में पहले भी हेमंत सोरेन से पूछताछ कर चुकी है और अब नए सवालों का सिलसिला वहीं से शुरू होगा जहां पर वो खत्म हुआ था।

रांची में सवाल-जवाब करेगी ईडी

सूत्रों ने कहा है कि ईडी की टीम अब इस केस में दोबारा सीएम हेमंत सोरेन से अब बुधवार को रांची में सवाल-जवाब करेगी। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में ईडी की टीम ने हेमंत सोरेन के घर की तलाशी ली थी और वहां से पुलिस ने 36 लाख रुपये कैश, BMW और कुछ अहम दस्तावेज जब्त किए हैं। सूत्रों ने कहा है कि ईडी ने राज्य की अथॉरिटी और केंद्रीय सुरक्षा बलों को अपनी टीम की मूवमेंट के बारे में जानकारी दी है। ईडी ने बताया है कि वो अपने एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से शिबू सोरेन के आवास पर 31 जनवरी को दोपहर 1 बजे के पहले जाएगी। सूत्रों ने कहा है कि ईडी के सवाल-जवाब वही से शुरू होंगे जहां 20 जनवरी को खत्म हुए थे। उस वक्त हेमंत सोरेन से 16-17 सवाल पूछे गए थे। इस दौरान उनके बयान लिखित और ऑडियो-वीडियो फॉरमेट में दर्ज भी किए गए थे। उस दिन ईडी की टीम ने लगभग 7 घंटे हेमंत सोरेन के आवास पर बिताए थे।

मारुति-सुजुकी को पीछे छोड़कर सबसे वैल्युएबल ऑटो कंपनी बनी टाटा-मोटर्स

एजेंसी । मुंबई

टाटा मोटर्स लिमिटेड के शेयर ने आज यानी मंगलवार (30 जनवरी) को ऑल-टाइम हाई बनाया। कारोबार के दौरान कंपनी के शेयर ने 5% से ज्यादा की तेजी के साथ 885.95 रुपए के स्तर को छुआ। हालांकि, मार्केट क्लोज होने पर टाटा मोटर्स का शेयर 2.84% की तेजी के साथ 864.90 रुपए पर बंद हुआ। टाटा मोटर्स का मार्केट कैपिटलाइजेशन भी बढ़कर 3.15 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है।

टाटा मोटर्स सबसे वैल्युएबल ऑटो कंपनी बनी

इसके साथ ही मारुति सुजुकी को पीछे छोड़कर टाटा मोटर्स अब सबसे वैल्युएबल ऑटो कंपनी बन गई है। टाटा मोटर्स ने 7 साल बाद मारुति सुजुकी को मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में पीछे छोड़ा है। मारुति सुजुकी का शेयर आज 0.41% गिरकर 9,950 रुपए पर बंद हुआ है। वहीं मारुति सुजुकी का मार्केट कैप भी घटकर 3.13 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

टाटा मोटर्स के शेयर में इस वजह से आई तेजी

टाटा मोटर्स के तीसरी तिमाही (Q3FY24) के नतीजे 2 फरवरी को घोषित होने के पहले कंपनी के शेयर में यह तेजी देखने को मिल रही है। Q3 में जगुआर लैंड रोवर (JLR) की रिकॉर्ड सेल्स और अपने पैसेंजर व्हीकल्स की कीमतों में बढ़ोतरी के फैसले के कारण कंपनी के स्टॉक में यह ग्रोथ आई है।

कंपनी के शेयर ने 1 साल में 90% रिटर्न दिया

पिछले 1 महीने में टाटा मोटर्स के स्टॉक में 10% से ज्यादा की तेजी आई है। वहीं बीते 6 महीने में कंपनी के शेयर मे अपने निवेशकों को करीब 35% और एक साल में 90% से ज्यादा का रिटर्न दिया है।

पैसेंजर व्हीकल्स की कीमतों में 0.7% की बढ़ोतरी

पिछले हफ्ते टाटा मोटर्स ने घोषणा की थी कि वह 1 फरवरी 2024 से अपने पैसेंजर व्हीकल्स की कीमतों में 0.7% की बढ़ोतरी करेगी।

JLR ने Q3 में 1.01 लाख होलसेल यूनिट्स बेचीं

इसके अलावा टाटा मोटर्स के जगुआर लैंड रोवर डिवीजन ने तीसरी तिमाही (Q3FY24) में 1.01 लाख होलसेल यूनिट्स बेचीं, जो कि सालाना आधार पर 27% की ग्रोथ है। यह पिछली 11 तिमाहियों में सबसे ज्यादा होलसेल सेल्स का आंकड़ा भी है। मॉर्गन स्टेनली और मोतीलाल ओसवाल जैसे ब्रोकरेज ने मजबूत सेल्स का हवाला देते हुए स्टॉक को पॉजिटिव रेटिंग दी थी। जिसमें रेंज रोवर, रेंजर रोवर स्पोर्ट और डिफेंडर की होलसेल सेल्स में हिस्सेदारी 62% थी।

सेंसेक्स 801 अंक फिसलकर 71,139 पर बंद

निफ्टी भी 215 अंक टूटा

एजेंसी । मुंबई

शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 801 अंक फिसलकर 71,139 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 215 अंक की गिरावट रही। ये 21,522 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में गिरावट और 6 में तेजी देखने को मिली है।

कोंस्टेलेक इंजीनियर्स के शेयर में 215% तेजी

कोंस्टेलेक इंजीनियर्स के शेयरों की आज NSE SME पर शानदार एंट्री हुई। IPO के तहत निवेशकों को 70 रुपए के भाव पर शेयर जारी हुए थे। आज NSE SME पर इसकी 210 रुपए के भाव पर एंट्री हुई है यानी कि IPO निवेशकों को 200% का लिस्टिंग गेन मिला। इसके बाद इसमें थोड़ी और तेजी देखने को मिली और ये 150.50 रुपए (215.00%) बढ़कर 220.50 रुपए पर बंद हुआ।

सोमवार को बाजार में रही थी तेजी

इससे पहले सोमवार को शानदार तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 1240 अंक की बढ़त के साथ 71,941 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 385 अंक की तेजी रही। ये 21,737 के स्तर पर बंद हुआ था। इस साल ये एक दिन में शेयर बाजार की सबसे बड़ी बढ़त है।

अडाणी टोटल गैस के तीसरी तिमाही के नतीजे घोषित

Q3FY24 में नेट प्रॉफिट 18% बढ़कर 177 करोड़ रहा, रेवेन्यू 4.89% बढ़ा

एजेंसी । मुंबई

अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी टोटल गैस लिमिटेड ने आज यानी मंगलवार (30 जनवरी) को फाइनेंशियल ईयर 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के नतीजे घोषित कर दिए हैं। Q3FY24 में कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना (YoY) आधार पर 18% बढ़कर 177 करोड़ रुपए रहा।

Q3 में रेवेन्यू 4.89% बढ़कर 1,244 करोड़ रहा

कंपनी ने पिछले साल की समान तिमाही में 150 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। ऑपरेशंस से Q3 में कंपनी का रेवेन्यू 4.89% बढ़कर 1,244 करोड़ रुपए हो गया। पिछले फाइनेंशियल ईयर की इसी अवधि में ये 1,186 करोड़ रुपए रहा था।

EBITDA 26% बढ़कर 300 करोड़ रुपए रहा

अडाणी टोटल गैस का ऑपरेटिंग प्रॉफिट (EBITDA) दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 26% बढ़कर 300 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की समान तिमाही में यह 238 करोड़ रुपए रहा था।

टोयोटा दुनिया की टॉप-सेलिंग कार मेकर कंपनी

नई दिल्ली। टोयोटा मोटर कॉर्प 2023 की दुनिया की टॉप-सेलिंग कार मेकर कंपनी रही। इस दौरान कंपनी ने दुनियाभर में 11.2 मिलियन (1.12 करोड़) गाड़िया बेचीं। टोयोटा ने लगातार चौथे साल जर्मन कार कंपनी फॉक्सवैगन को पीछे छोड़ा है। बिक्री के मामले में दूसरे नंबर पर रही फॉक्सवैगन ने 12% की सालाना (ईयर-ऑन-ईयर) ग्रोथ के साथ 92.4 लाख कारें बेचीं।

कंपनी के प्रोडक्शन में भी हुआ इजाफा

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी की इस बिक्री में उसकी सहायक कंपनियां दाइहात्सू और हिनो की भी हिस्सेदारी रही है। टोयोटा की गाड़ियों की बिक्री में 2022 की तुलना में 7.2% की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इसके साथ ही टोयोटा का प्रोडक्शन 2022 की तुलना में 2023 में 8.6% बढ़कर 1.15 करोड़ हो गया। यह बिक्री प्रदर्शन ऐसे समय में आया है, जब ग्लोबल मार्केट में इलेक्ट्रिक कारों की मांग बढ़ रही है।

श्रीलंका टेस्ट के लिए अफगानिस्तान में 4 अनकैप्ड को मौका

राशिद खान इंजरी के कारण बाहर, 16 प्लेयर्स स्क्वॉड में कईस अहमद शामिल

एजेंसी । कोलंबो

श्रीलंका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए अफगानिस्तान ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में 4 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका मिला। वहीं राशिद खान पीठ की सर्जरी के कारण टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। उनकी जगह लेग स्पिनर कईस अहमद को 16 प्लेयर्स के स्क्वॉड में शामिल किया गया। श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच 2 फरवरी से शुरू हो रहा है। मुकाबला कोलंबो में खेला जाएगा।

2 महीने से बाहर हैं राशिद खान

राशिद खान ने नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप के दौरान आखिरी मुकाबला खेला था। टूर्नामेंट खत्म होने के बाद उन्होंने अपनी पीठ की सर्जरी करवाई। सर्जरी के कारण ही वह भारत में 3 टी-20 की सीरीज भी नहीं खेल सके। अब उनका श्रीलंका में खेलना कन्फर्म नहीं है और उन्होंने पाकिस्तान में PSL से भी अपना नाम वापस ले लिया है।

7 महीने बाद टेस्ट खेलेगा अफगानिस्तान : अफगानिस्तान टीम 7 महीने बाद टेस्ट मैच खेलेगी। टीम ने पिछले साल जून में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में आखिरी टेस्ट खेला था। तब उन्हें 546 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। उस दौरे के स्क्वॉड से ऑलराउंडर करीम जनत और आमिर हम्जा को जगह मिली। अफगानिस्तान की कप्तानी हशमतुल्लाह शहीदी करेंगे। उनके साथ इब्राहिम जादरान, अब्दुल मलिक और रहमत शाह भी बैटिंग में टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे।

7 में से 3 टेस्ट जीता है अफगानिस्तान : अफगानिस्तान ने 2018 में टेस्ट खेलना शुरू किया। तब से टीम ने 7 टेस्ट खेले और टीम पहली बार ही श्रीलंका का सामना करेगी। अफगानिस्तान ने 3 टेस्ट जीते और 4 गंवाए हैं। श्रीलंका में अफगानिस्तान 3 वनडे और 3 टी-20 भी खेलेगी। वनडे सीरीज 9 फरवरी से शुरू

4 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका

- अफगानिस्तान ने टेस्ट स्क्वॉड में 4 अनकैप्ड प्लेयर्स को भी शामिल किया है। टीम में बैटर नूर अली जादरान, लेफ्ट आर्म स्पिनर जिया-उर-रहमान, विकेटकीपर बैटर मोहम्मद इशाक और राइट आर्म पेसर नवीद जादरान को जगह दी गई है।
- 35 साल के नूर अली जादरान स्पिनर मुजीब उर-रहमान के अंकल हैं। उन्होंने 2009 में अफगानिस्तान के लिए वनडे डेब्यू किया था। तब से उन्होंने 51 वनडे और 23 टी-20 खेल लिए लेकिन वह टेस्ट में डेब्यू नहीं कर सके।
- जिया उर ने 28 फर्स्ट क्लास मैचों में 19.1 की औसत से 159 विकेट लिए हैं। स्पिन बॉलिंग के साथ वह लोअर ऑर्डर में बैटिंग भी कर लेते हैं।
- 18 साल के नवीद को पहली बार टेस्ट स्क्वॉड में जगह मिली। उन्होंने 7 फर्स्ट क्लास मैचों में 35 विकेट लिए हैं, जिनमें 3 बार पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट भी शामिल हैं।
- 18 साल के ही मोहम्मद इशाक ने 10 फर्स्ट क्लास मैचों में 366 रन बनाए हैं। उन्हें 16 लिस्ट-ए और 10 टी-20 मैचों का भी अनुभव है।

खेल के मैदानों से

एचपीएसएल इंडियन डर्बी ट्रॉफी का अनावरण

मुंबई। देश की सर्वश्रेष्ठ घुड़दौड़ एचपीएसएल इंडियन डर्बी की ट्रॉफी का अनावरण ऐतिहासिक महालक्ष्मी रेसकोर्स पर आयोजित एक रंगारंग समारोह में किया गया। समारोह में एचपीएलएल के अध्यक्ष पी सुरेश, आरडब्ल्यूआईटीसी के कई पदाधिकारी, कई पेशेवर प्रशिक्षक और सवार मौजूद थे, इसके अलावा समारोह में पूर्व विश्व सुंदरी मानुसी छिल्लर तथा दक्षिण भारतीय फिल्मों की तारिका कैथरीन ट्रेसा की भी मौजूदगी रही। पी सुरेश ने बताया कि इस बार डर्बी के प्रायोजन के साथ वे भारतीय घुड़दौड़ क्षेत्र में हॉर्स पॉवर स्पोर्ट्स लीग के माध्यम से एक नए आयाम के साथ जुड़ रहे हैं। उनकी द्वारा शुरु की जा रही लीग भारत में घोड़ों और इंसानों के बीच मानवीय संबंध पर आधारित होगी। रविवार, चार फरवरी को आयोजित दो करोड़ ईनामी राशि वाली एचपीएसएल इंडियन डर्बी में वंडर फिली जेन्डेई, एनाब्लर और सिंथेसिस के बीच कड़े संघर्ष देखने को मिलेगा। इसी बीच बंगलौर से लाए गए मल्टी क्लासिक विजेता जमारी की प्रविष्टि से यह संघर्ष और बढ़ गया है।

मुंबई पुलिस जिमखाना की जीत

मुंबई। मुंबई पुलिस जिमखाना की टीम ने एमसीए यंग कॉमरेड शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दौर के मैच में विक्टरी क्रिकेट क्लब की टीम को छह विकेट से पराजित किया। पुलिस जिमखाना के मैदान पर खेले गए मैच में विक्टरी क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई पुलिस जिमखाना के समक्ष जीत के लिए 113 रनों का लक्ष्य दिया। मुंबई पुलिस जिमखाना ने मात्र 28 ओवर में चार विकेट गवांकर जीत के लिए आवश्यक रन बना लिए।

भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने दर्शकों पर लिंगभेद का लगाया आरोप

नई दिल्ली। भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने आरोप लगाया है कि हाल ही में नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान दर्शकों की ओर से लिंगभेद का सामना करना पड़ा जिनका फोकस उनके बाल, कपड़े और लहजे जैसी गैर जरूरी बातों पर था । नागपुर की 18 वर्ष की अंतरराष्ट्रीय मास्टर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में अपने इस खराब अनुभव का ब्यौरा दिया है । उन्होंने लिखा ,'मैं काफी समय से इस पर बोलना वाहती थी लेकिन टूर्नामेंट खत्म होने का इंतजार कर रही थी । मैने देखा है कि शतरंज में दर्शक महिला खिलाड़ियों को बहुत हलके में लेते हैं । हाल ही में मैने खुद यह अनुभव किया । मैने कुछ मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया जिस पर मुझे गर्व है । मुझे लोगों ने बताया कि दर्शकों का ध्यान मेरे खेल पर था ही नहीं बल्कि बाकी गैर जरूरी चीजों जैसे मेरे कपड़े, बाल, लहजे पर था। मैं इससे काफी दुखी थी। यह काफी दुखद है कि जब महिला शतरंज खेलती है तो वह कितना भी अच्छा खेले, लोग खेल पर ध्यान नहीं देते। महिला खिलाड़ियों को रोजाना इसका सामना करना पड़ता है और मैं तो 18 साल की ही हूं । मैने इतने साल तक ऐसी ही गैर जरूरी चीजों पर यह सब झेला है।

साई क्रिकेट क्लब ने जीता बीसीसी स्पोर्ट्स प्रमोशन टेस्ट चैंपियनशिप 2024 का खिताब

एजेंसी । दुबई

बीसीसी स्पोर्ट्स प्रमोशन टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच 26-27 जनवरी 2024 को चिक्लिकर ग्राउंड भोईसर में FTL इलेवन और साई क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर साई क्रिकेट क्लब ने बॉल करने का निर्णय लिया। ओस से लथपथ विकेट का फायदा उठाते हुए उन्होंने FTL (XI) के सभी विकेट ले लिए, जिससे वे पहली पारी में केवल 130 रन ही बना सके। साई क्रिकेट क्लब की ओर से सूरज सिंह ने 10 ओवर गेंदबाजी करते हुए मात्र 32 रन दिए और FTL (XI) इलेवन के 5 विकेट झटके। FTL (XI) की ओर से वैभव माली ने टफेस्ट गेंदों को पीटकर 41 रन बनाए। साईं क्रिकेट क्लब ने बड़ी मजबूती से विकेट पर जमकर बल्लेबाजी की। FTL (XI) ने स्थिति को समझा और जमकर गेंदबाजी की और साई क्रिकेट क्लब के बल्लेबाजों को ब्रेक दिया और इसी के दम पर साई क्रिकेट क्लब ने सभी विकेट खोकर 151 रन बनाए।

आमिर खान ने कसी हुई गेंदबाजी के खिलाफ सबसे ज्यादा 45 रनों की पारी खेली

FTL (XI) की ओर से अभिजीत शर्मा ने 15 ओवर में 38 रन दिए और 5 विकेट लिए। पहली पारी के आधार पर साई क्रिकेट क्लब ने 21 रन से बढ़त बना ली। पहली पारी में एफटीएल इलेवन के खराब प्रदर्शन के बाद अपनी पूरी चतुराई और निरंतरता के साथ उन्होंने केवल 10 ओवरों में 107 रन बनाए। इस साझेदारी के हीरो रहे विक्की पांडे और अभिजीत, लेकिन जैसे ही ओपनर आउट हुए टीम के कैप्टन नवीन शर्मा ने बल्लेबाजी रोकने की घोषणा कर दी और साई क्रिकेट क्लब को 158 रनों का लक्ष्य दिया। साई क्रिकेट क्लब ने 158 रन का लक्ष्य 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस पारी के हीरो रहे आमिर खान और तेजस राठौड़ और दोनों ने अर्धशतक की पारी अपने नाम किया। अंतत :साई क्रिकेट क्लब ने गर्व से बीसीसी टेस्ट चैंपियनशिप 2024 की विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली और जयंत माहेश्वरी ने अपने क्रिकेट टूर्नामेंट जुनून के लिए एक और गौरवशाली क्षण हासिल किया।

एशियाई कप क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन

एजेंसी । अल रेयान

ऐमैन हुसैन को आखिरी क्षणों में मैदान से जाना पड़ा और दस खिलाड़ियों तक सिमटे ईराक को 3.2 से हराकर जोर्डन ने एशियाई कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। हुसैन को दूसरा गोल करने के बाद अति उत्साहित होकर जश्न मनाने के कारण दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। हुसैन ने 76वें मिनट में गोल दागा । अतिरिक्त समय के पांचवें मिनट में याजान अल अरब ने बराबरी का गोल किया और निजार अल रशदान ने दो मिनट बाद विजयी गोल दागा। जोर्डन के लिये पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में याजान अल नेमत ने गोल किया था। ईराक के लिये 68वें मिनट में सउद नातिक ने बराबरी का गोल दागा । ईराक ने

खिताब की प्रबल दावेदार जापान को हराकर नॉकआउट चरण में प्रवेश किया था। एक अन्य मैच में गत चैम्पियन कतर ने फलस्तीन को 2.1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उसका सामना उजबेकिस्तान या थाईलैंड से होगा।

ACC चेयरमैन पद छोड़ सकते हैं जय शाह

ICC अध्यक्ष बनने के लिए लड़ेंगे चुनाव

एजेंसी । दुबई

जय शाह एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे सकते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) में सचिव के पद पर भी काम कर रहे शाह ICC अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। इसीलिए वह ACC का पद छोड़ सकते हैं। मंगलवार से इंडोनेशिया के बाली में ACC की एनुअल जनरल मीटिंग शुरू हुई। मीटिंग 2 दिन की है और 31 जनवरी तक चलेगी। मीटिंग में ACC के ब्रॉडकास्टिंग राइट्स को लेकर भी फैसला लिया जाना है। ACC अध्यक्ष पद का चुनाव हर 2 साल में एक बार होता है, जय शाह फिलहाल अपने पद का एक साल पूरा कर चुके हैं। माना जा रहा है कि अगले चुनाव से पहले ही वह

अपना पद छोड़ देंगे, क्योंकि उन्हें ICC चेयरमैन पद का चुनाव लड़ना है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) का चुनाव इसी साल नवंबर में होना है, उससे पहले ACC मीटिंग में ही तय हो सकता है कि शाह ICC चेयरमैन पद का चुनाव लड़ेंगे या नहीं।

ACC मीडिया राइट्स फिलहाल स्टार के पास

एनुअल मीटिंग में एशिया के सभी क्रिकेट बोर्ड के सदस्य हिस्सा लेंगे। इसमें ACC मीडिया राइट्स पर भी फैसला लिया जाएगा। जिसके तहत एशिया कप जैसा बड़ा टूर्नामेंट ब्रॉडकास्ट होता है। इसी में अंडर-23, अंडर-19 और विमेंस एशिया कप के मैच भी दिखाए जाते हैं। फिलहाल डिजनी प्लस हॉटस्टार के पास डिजिटल और स्टार के पास ही टीवी राइट्स हैं। स्टार ने 8 साल पहले राइट्स खरीदे थे।

सनी देओल की 'लाहौर 1947' का हिस्सा बनीं शबाना आजमी

भारतीय सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी को आखिरी बार अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर की फिल्म 'घूमर' में देखा गया था, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। बीते साल 12 अगस्त को रिलीज हुई यह फिल्म OTT प्लेटफॉर्म ZEE पर उपलब्ध है। खैर, 'घूमर' के बाद अब शबाना के हाथ एक बड़ी फिल्म लगी है। वह सनी देओल की फिल्म 'लाहौर 1947' से जुड़ चुकी हैं।

बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, शबाना 'लाहौर 1947' में सनी के साथ दिखाई देंगी। वह जल्द फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाली हैं। अगर ऐसा होता है तो यह पहली बार होगा जब सनी और शबाना साथ काम करेंगे। हालांकि, इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। 'लाहौर 1947' में सनी की जोड़ी अभिनेत्री प्रीति जिंटा के साथ बनी है। दोनों ने आखिरी बार 2018 में आई फिल्म 'भैयाजी सुपरहिट' में साथ काम किया था। राजकुमार संतोषी कर रहे हैं फिल्म का निर्देशन 'लाहौर' के निर्देशन की जिम्मेदारी राजकुमार संतोषी पर है तो वहीं आमिर खान इस फिल्म का निर्माण करने वाले हैं। इसमें 1947 में हुए भारत-पाकिस्तान विभाजन की घटना को दिखाया जाएगा। 'गदर 2' के बाद अब एक बार फिर सनी पर्दे पर पाकिस्तानियों को ललकारते दिखेंगे। संतोषी और सनी ने करीब 27 साल बाद हाथ मिलाया है। दोनों की जोड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई हिट फिल्में दी हैं, जिसमें 'घायल', 'दामिनी' और 'घातक' शामिल हैं।

'कुछ खट्टा हो जाए' का टीजर जारी



अपनी आवाज से लाखों लोगों की दिल जीत चुके गायक गुरु रंधावा अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी पहली फिल्म का ऐलान किया था, जिसका नाम 'कुछ खट्टा हो जाए' है। इसमें दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। सई मांजरेकर भी फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

तमन्ना भाटिया ने मिलाया करण जौहर से हाथ



दक्षिण भारतीय सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी पहचान बनाने वाली अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अक्सर ही सुर्खियों में रहती हैं। अब अभिनेत्री ने करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस की डिजिटल सहायक कंपनी धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग किया है। वह अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने वाली एक कॉमेडी और ड्रामे से भरपूर वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं, जिसका नाम अभी सामने नहीं आया है। इस सीरीज का निर्देशन 'डॉ अरोड़ा' फेम निर्देशक अर्चित कुमार करेंगे। पीपिंगमून की रिपोर्ट के अनुसार, इस शो को एक स्टार्टअप ड्रामा के रूप में दिखाया जाएगा, जिसमें 2 महिलाओं की कहानी होगी जो उद्यमशीलता का मार्ग तलाशती हैं। इसमें मुख्य भूमिका तमन्ना निभाएंगी तो दूसरी अभिनेत्री की तलाश जारी है। कहा जा रहा है कि धर्माटिक एंटरटेनमेंट अपनी इस सीरीज से पहले निर्देशक अर्चित के साथ सीरीज 'शोटाइम' लेकर आएगा, जिसका फिलहाल प्री-प्रोडक्शन चल रहा है। मार्च के मध्य या अप्रैल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। बिना शीर्षक वाली अपनी इस सीरीज के साथ ही धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने अमेजन प्राइम वीडियो के साथ तीसरी बार सहयोग किया है। इससे पहले सारा अली खान अभिनीत फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' और अनन्या पांडे के नेतृत्व वाली सीरीज 'कॉल मी बे' के लिए दोनों ने हाथ मिलाया है। ये दोनों ही प्रोजेक्ट इस साल रिलीज होंगे। इसके अलावा तमन्ना की 'जी करदा', 'आखिरी सच' और 'लस्ट स्टोरी' के बाद यह चौथी वेब सीरीज होगी।

22 मार्च को रिलीज होगी 'स्वतंत्र वीर सावरकर'

अभिनेता रणदीप हुड्डा महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जिंदगी को पर्दे पर उतारने के लिए तैयार हैं। फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में रणदीप न सिर्फ सावरकर की भूमिका में नजर आएंगे, बल्कि इस फिल्म से वह बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत कर रहे हैं। अब 'स्वतंत्र वीर सावरकर' को अपनी रिलीज तारीख मिल गई है। यह फिल्म 22 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म को हिंदी के साथ मराठी भाषा में रिलीज किया जाएगा।

न्यूज़ ब्रीफ

न्यूयॉर्क के मैडम तुसाद म्यूजियम में लगाई जाएगी स्वामी रामदेव की मूर्ति

नई दिल्ली। न्यूयॉर्क के मैडम तुसाद म्यूजियम में स्वामी रामदेव की मोम की मूर्ति लगाई जाएगी। दिल्ली में 'मैडम तुसाद न्यूयॉर्क' के एक कार्यक्रम में योग गुरु रामदेव के मोम के पुतले का अनावरण भी किया गया है। मैडम तुसाद म्यूजियम में अब तक तमाम भारतीय हस्तियों की मोम प्रतिमाएं लग चुकी हैं। इसमें भगत सिंह, इंदिरा गांधी, महात्मा गांधी, नरेंद्र मोदी, अमिताभ बच्चन, मिल्खा सिंह, मेरीकॉम, कपिलदेव, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, लता मंगेशकर, ऐश्वर्या राय, शाहरुख खान, सलमान खान और रितिक रौशन शामिल हैं। मैडम तुसाद म्यूजियम में बाबा रामदेव का जो मोम का पुतला बनाया गया है, वह वृक्षासन वाले पोज में है। दिल्ली में समारोह के बाद इसे न्यूयॉर्क भेजा जाएगा। पतंजलि योगपीठ के केंद्रीय प्रवक्ता एसके तिजारावाला के मुताबिक, यह भारतीय संस्कृति संन्यास और सनातन योग परंपरा की वैश्विक प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक अवसर है। बाबा रामदेव ऐसे पहले संन्यासी हैं जिनकी प्रतिमा न्यूयॉर्क के इस म्यूजियम में लगेगी।

धार्मिक झंडे को लेकर हुए विवाद मामले में PDO सस्पेंड

बेंगलुरु। मांड्या में 108 फीट ऊंचे धार्मिक ध्वज को हटाने के चलते हुए तनाव के मामले में पंचायत अधिकारी को निलंबित कर दिया है। साथ ही मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य में शांति भंग करने के लिए गोडसे के वंशजों को जिम्मेदार ठहराया है। सोमवार को भाजपा और जनता दल (सेक्यूलर) ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया था। इसी बीच, सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि विपक्ष का यह प्रदर्शन राजनीतिक लाभ लेने के लिए किया गया था। बंगलूरू में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि हमारे बीच ऐसे लोग है, जो नाथूराम गोडसे की पूजा करते हैं, हालांकि कई बार इनके मुंह से महात्मा गांधी के लिए भी शब्द निकलते हैं। मांड्या में तनावपूर्ण स्थिति के बारे में पूछे जाने पर सिद्धारमैया ने कहा कि शांति भंग करने की कोशिश की जा रही है।

प्रियंका गांधी को कांग्रेस भेज सकती है राज्यसभा

शिमला। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस इकाई की प्रमुख प्रतिभा सिंह ने मंगलवार को कहा कि दो अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के छह साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद खाली होने वाली प्रदेश की राज्यसभा सीट से कांग्रेस नेता सोनिया गांधी या प्रियंका गांधी वाड्रा को चुना जा सकता है। प्रतिभा सिंह ने राज्य से नाम भेजने के बारे में पूछे जाने पर कहा, "हम इस मामले पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के साथ चर्चा करेंगे और यदि वे इच्छुक हैं तो इस सीट से उन्हें चुना जा सकता है।

मादक पदार्थों की तस्करी मामले में छह को 20 तो चार को 10 साल की जेल

पोरबंदर। गुजरात में पोरबंदर की एक विशेष एनडीपीएस अदालत ने मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में छह लोगों को 20 साल के कठोर कारावास और चार अन्य को 10 साल की जेल की सजा सुनाई है। दरअसल, जुलाई 2017 में गुजरात तट के पास से भारतीय तटरक्षक ने एक व्यापारिक जहाज पर 1,445 किलोग्राम मादक पदार्थों की तस्करी का भंडाफोड़ किया था।

हाईकोर्ट का 8 हिंदू-मुस्लिम जोड़ों को सुरक्षा देने से इंकार

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को 8 हिंदू-मुस्लिम कपल्स को सुरक्षा देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ये शादियां उत्तर प्रदेश धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम के खिलाफ हैं। विवाह करने से पहले धर्म परिवर्तन की कानूनी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई, इसलिए ये विवाह कानून के तहत मान्य नहीं हैं।

भाजपा कार्यकर्ता मर्डर केस

15 PFI मेंबर्स को सजा-ए-मौत

2 साल पहले घर में घुसकर मां-पत्नी और बच्चे के सामने की थी हत्या

एजेंसी । तिरुवनंतपुरम

केरल की एक कोर्ट ने प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (PFI) के 15 कार्यकर्ताओं को भाजपा नेता की हत्या के मामले में मौत की सजा सुनाई है। भाजपा की OBC विंग के नेता रंजीत श्रीनिवासन की 19 दिसंबर 2021 को हत्या कर दी गई थी। पिछले हफ्ते कोर्ट ने 15 लोगों को दोषी माना था। कोर्ट ने कहा था कि आठ दोषी, जिनकी पहचान निजाम, अजमल, अनूप, मोहम्मद असलम, अब्दुल सलाम उर्फ सलाम पोन्नद, अब्दुल कलाम, सफरुद्दीन और मनशद के तौर पर हुई है, वे रंजीत श्रीनिवासन के मर्डर में सीधे तौर पर शामिल थे। अन्य दोषियों की पहचान जसीब राजा, नवास, शमीर, नसीर,जाकिर हुसैन, शाजी पूवाथुंगल और शमनास अशरफ के तौर पर हुई है। कोर्ट ने इनमें से चार को इसलिए दोषी करार किया था क्योंकि वे हथियार लेकर क्राइम सीन पर आए थे, ताकि श्रीनिवासन भाग न पाए और कोई उसकी मदद भी न कर पाए। बाकी तीन ने मर्डर की साजिश रची थी। मवेलीक्कारा एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज वीजी श्रीदेवी ने फैसला सुनाया। विक्टिम के वकील ने बताया कि सजा पाने वाले सभी आरोपी ट्रेंड किलर स्क्वॉड का हिस्सा थे। जिस क्रूर और निर्मम तरीके से विक्टिम को उनकी मां, पत्नी और बच्चे के सामने मारा गया था, ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर क्राइम की श्रेणी में आता है।

सुबह-सुबह घर में घुसे हमलावर, पीट-पीटकर मार डाला

घटना को लेकर पुलिस ने बताया था कि 19 दिसंबर 2021 को जब रंजीत श्रीनिवासन अलाप्पुझा सिटी के अपने घर पर मॉर्निंग वॉक के लिए तैयार हो रहे थे, तभी हमलावर उनके घर में घुस गए। इस दौरान उनकी मां, पत्नी और बच्चा भी घर में मौजूद थे। इन हमलावरों ने भाजपा नेता की बेरहमी से पिटाई की। गंभीर चोटें आने की वजह से रंजीत ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। रंजीत ने कुछ समय पहले ही विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर इलेक्शन लड़ा था। वह पेशे से वकील थे।

एक दिन पहले SDPI नेता की हत्या की गई थी

रंजीत श्रीनिवासन की हत्या से एक दिन पहले ही सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (SDPI) के नेता की हत्या की गई थी। SDPI के स्टेट सेक्रेटरी के एस शान जब 18 दिसंबर की रात बाइक से घर लौट रहे थे, तभी एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। इसके बाद उन पर चाकू से कई वार किए गए। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

एटीसी की मंजूरी के बिना ही इंडिगो के विमान ने भरी उड़ान

पायलट हुआ निलंबित, जांच में जुटा DGCA

एजेंसी । नई दिल्ली

एयर ट्रैफिक कंट्रोल की जरूरी मंजूरी के बिना उड़ने भरने के आरोप में इंडिगो के पायलट को सर्विस से हटा दिया गया है। एक सूत्र ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली से बाकू की राजधानी अजरबैजान जाने वाली फ्लाइट 6ई 1803 ने बिना एटीसी से जरूरी मंजूरी लिए बिना उड़ान भरी। फिलहाल इस मामले की एयरलाइन कंपनी इंडिगो जांच कर रही है।

पायलट की सर्विस निलंबित कर दी गई

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी ने ने जानकारी दी कि सभी मामले की जांच जब तक पूरा नहीं हो जाता तब तक पायलट को सर्विस से हटा दिया गया है।

एटीसी ने पायलट को इंतजार करने की दी थी सलाह

: मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने कहा कि एटीसी ने विमान के पायलट को रनवे के लाइन में खड़े होकर इंतजार करने की सलाह दी थी, लेकिन विमान ने उड़ान भरना शुरू कर दिया और मंजूरी का इंतजार किए बिना ही उड़ान भर गया।

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पीएम ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी । नई दिल्ली

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 76वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत सभी बड़े नेताओं ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। पीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पूज्य बापू को उनकी 76वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देता हूं। मैं देश के लिए बलिदान देने वाले सभी वीरों को नमन करता हूं। उनका बलिदान हमें जनसेवा करने और देश के लिए हमारे सपनों को पूरा करने की प्रेरणा देता है।

'गांधी जी के संदेश आज भी प्रासंगिक'

सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देशवासियों के दिलों में स्वदेशी की भावना जगाने वाले महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन। गांधी जी के शांति और सद्भाव के संदेश आज भी प्रासंगिक हैं और उनके विचार देशवासियों को राष्ट्र के लिए त्याग व समर्पण की प्रेरणा देते रहेंगे।

'बापू के आदर्श हमें प्रेरणा देते रहेंगे'

सत्य व अहिंसा के पुजारी, स्वदेशी और स्वावलंबन से भारत की स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन करता हूं। बापू के दिखाए मार्ग हर युग में प्रासंगिक हैं। उनके आदर्श व विचार सदैव हमें प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे।

'गांधी के आदर्श पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे'

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बाबू को श्रद्धांजलि देते हुए सोशल मीडिया पर पर लिखा कि महात्मा गांधी के जीवन की कहानी साहस और धार्मिकता से भरी थी। जब मैं उनके विचारों को याद करता हूं, मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो मां भारती की सेवा में शहीद हुए हैं।

सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपियों को सुनाई 90-90 साल की सजा

चाय के बागान में लूटी थी अस्मत

एजेंसी । इडुक्की

केरल की एक कोर्ट ने मंगलवार को सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीन लोगों को दोषी ठहराते हुए कठोर सजा सुनाई है। कोर्ट ने तीनों को साल 2022 में पश्चिम बंगाल के प्रवासी श्रमिक की 15 वर्षीय बेटी के साथ एक चाय बागान में सामूहिक दुष्कर्म करने का दोषी पाया। इसके लिए कोर्ट ने तीनों को 90-90 साल की सजा सुनाई। देवीकुलम फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (POCSO) के जज सिराजुदीन पीए ने तीन लोगों को पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी के प्रावधानों के तहत 90-90 साल की सजा सुनाई।

सभी को एक साथ काटनी होगी सजा

विशेष लोक अभियोजक स्मिजू के दास ने कहा, क्योंकि सभी को सजा एक साथ काटनी होगी और पुरुषों को दी गई जेल की अधिकतम सजा 25 साल थी, इसलिए वे 25 साल जेल में रहेंगे।

कोर्ट ने दो सजाएं सुनाई

स्पेशल कोर्ट ने तीनों को धारा 376(3) 16 साल से कम उम्र की महिला से दुष्कर्म के तहत अपराध के लिए 20 साल और धारा 376 डीए (16 साल से कम उम्र की महिला से सामूहिक दुष्कर्म) के तहत 25 साल कैद की सजा सुनाई।

40,000 रुपये का जुर्माना लगाया

इसके साथ ही कोर्ट ने तीनों दोषियों को पॉक्सो अधिनियम की धारा 4(2) (सोलह साल से कम उम्र के बच्चे पर यौन हमला) के तहत 20 साल और धारा 5 (जी) (एक बच्चे पर सामूहिक यौन हमला) के तहत 25 साल की कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने तीनों के ऊपर 40,000 रुपये का जुर्माना भी लगाते हुए निर्देश दिया कि इन पैसों को पीड़ित को दे दी जाएगी।

पीएम मोदी का झारखंड दौरा टला, बिहार में रैली भी कैंसिल

पटना। झारखंड में इस वक्त सियासी संकट जारी है। राज्य के सीएम हेमंत सोरेन के ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। दूसरी ओर पीएम मोदी 3 फरवरी को राज्य के दौरे पर आने वाले थे। हालांकि, भाजपा के सूत्रों ने ये जानकारी दी है कि अब ये दौरा टल गया है। इसके साथ ही पीएम मोदी का बिहार के बेतिया में रैली का कार्यक्रम भी टल गया है। माना जा रहा था कि बिहार में एनडीए के साथ वापस आने वाले सीएम नीतीश कुमार इस रैली में पीएम मोदी के साथ मंच साझा कर सकते थे। पहले के तय कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 फरवरी की रात झारखंड के राजभवन में पहुंचने वाले थे। वहीं, 4 फरवरी को पीएम धनबाद में कार्यक्रम करने वाले थे। इसके बाद पीएम मोदी को बिहार के बेतिया में रैली को संबोधित करने जाने का प्लान था। हालांकि, अब ये सभी कार्यक्रम टाल दिए गए हैं। पीएम के कार्यक्रम के इस फैसले को टालने का प्रमुख कारण अब तक नहीं बताया गया है। झारखंड इस वक्त सियासी संकट से जूझ रहा है। राज्य के सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की कार्रवाई लगातार जारी है। संभावना जताई जा रही है कि सोरेन कभी भी गिरफ्तार किए जा सकते हैं। भाजपा सोरेन के गुमशुदगी के पोस्टर जारी कर रही है तो वहीं, हेमंत सोरेन विधायकों संग जरूरी बैठक कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में नक्सली हमला

हमले में तीन जवानों की गई जान

एजेंसी । रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर नक्सलियों ने जवानों के कैंप को टारगेट बनाया है। बीजापुर -सुकमा की सीमा पर बने पुलिस कैंप पर नक्सलियों ने हमला कर दिया है। इस मुठभेड़ में 3 जवानों के शहीद होने और 14 जवानों के घायल होने की खबरें सामने आ रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए जगदलपुर रिफर किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ जवानों को रायपुर एयरलिफ्ट किया जा सकता है।

14 जवान घायल

बता दें कि बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा से सटे टेकुलगुडम गांव में पुलिस कैंप बनाया गया है। इस इलाके का यह नया कैंप है यहा बड़ी संख्या में जवान सर्चिंग पर निकले हुए थे। जिसमें कोबरा, एसटीएफ, डीआरजी बल के जवान इलाके की सर्चिंग पर थे। इस दौरान नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। जवानों ने फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया। सुरक्षाबलों को खुद पर भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग गए। मुठभेड़ में 3 जवान शहीद हो गए और 14 घायल हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए चॉपर से जगदलपुर रिफर किया गया है।

भारतीय नौसेना का 24 घंटे में एक और सफल ऑपरेशन

समुद्री डाकुओं के चंगुल से छुड़ाए गए 19 पाकिस्तानी

एजेंसी । नई दिल्ली

सोमाली समुद्री डाकुओं के खिलाफ भारतीय नौसेना की कार्रवाई जारी है। भारतीय नौसेना ने 24 घंटे के अंदर दूसरी बार मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी को बचाया है। भारतीय रक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने कोच्चि के तट से लगभग 800 मील की दूर पर समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी को बचाया गया है।

24 घंटे के अंदर दूसरी बार नाव को कराया मुक्त

भारतीय रक्षा अधिकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना के समुद्री कमांडो ने चालक दल को सुरक्षित बचाने के लिए ऑपरेशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सफलतापूर्वक नाव को बंधकों से मुक्त कराया है। पिछले 24 घंटों में भारतीय नौसेना का दूसरा सफल समुद्री डकैती रोधी अभियान था। भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैनात किए गए हैं।

जीवनदान | चलती बस में ही ड्राइवर को आया था हार्टअटैक

ड्राइवर ने मरते-मरते बचाई 60 से ज्यादा लोगों की जान

एजेंसी । बालासोर

अक्सर देखा गया है कि लोग जीते जी अपने काम को लेकर उदासीन रवैया अपनाए रहते हैं, वे अपने काम को लेकर ही ऐसे व्यक्त करते हैं कि वे दूसरों पर कोई बड़ा एहसान कर रहे हैं, ऐसे में उड़ीसा के बालासोर जिले से आई खबर एक मिसाल पैदा करती है। साथ ही लोगों को अपना फर्ज अदा करने के प्रति प्रेरणा भी देती है। बालासोर जिले में एक व्यक्ति ने अपने अंतिम घड़ी में अपने जिम्मेदारी को भली-भांति न सिर्फ निभाया बल्कि 60 से अधिक लोगों की जान भी बचा ली।

बस चलाते समय आया हार्ट अटैक : पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को बालासोर में बस चलाते समय हार्ट अटैक आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, लेकिन उसने समय पर बस को रोककर 60 से अधिक यात्रियों की जान बचा ली। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार तड़के ओडिशा के बालासोर जिले के पातापुर चक में हुई।

पंचलिंगेश्वर मंदिर की तरफ जा रही थी बस

पुलिस ने मिली जानकारी के मुताबिक, पश्चिम बंगाल से पर्यटकों को लेकर एक बस जिले के पंचलिंगेश्वर मंदिर की ओर जा रही थी, कि तभी ड्राइवर को अचानक अपने सीने में तेज दर्द महसूस हुई। दर्द महसूस होते ही ड्राइवर ने बस को सड़क के किनारे रोक दिया और बेहोश हो गया। फिर घबराए यात्रियों ने स्थानीय लोगों को बुलाया जिन्होंने शेख अख्तर नाम के ड्राइवर को पास के नीलगिरि उपमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया।

ड्राइवर रास्ते में हुआ अचानक बीमार

पुलिस ने आगे बताया कि अस्पताल के डॉक्टरों ने ड्राइवर को मृत घोषित कर दिया। यात्रियों में से एक अमित दास ने बताया कि ड्राइवर रास्ते में अचानक बीमार हो गया और उसने बस रोक दी। सड़क के एक तरफ गाड़ी रुकते ही वह बेहोश हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान यात्रियों और लोगों ने बस ड्राइवर की इस सूझबूझ की खूब सराहना की।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बीजेपी ने कर दिया खेला

ज्यादा वोट के बावजूद आप-कांग्रेस देखते रह गए

कम पार्षद होने के बाद भी हासिल की जीत

एजेंसी । चंडीगढ़

पंजाब और हरियाणा के राजाधानी चंडीगढ़ में 'I.N.D.I.A गठबंधन' को बड़ा झटका लगा है। इस बार किसी राजनीतिक दल ने इस गठबंधन को झटका नहीं दिया है। बल्कि इस बार साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे इस गठबंधन के साथ खेला हो गया है। I.N.D.I.A गठबंधन मिलकर भी चंडीगढ़ मेयर का चुनाव नहीं जीत पाई है। बीजेपी ने मेयर पद पर जीत हासिल कर उसके अरमानों पर पानी फेर दिया है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में I.N.D.I.A गठबंधन को बीजेपी ने मात दी है। सोमवार को चंडीगढ़ के मेयर पद के लिए हुए चुनाव में बीजेपी को कुल 16 वोट मिले, जबकि 12 वोट गठबंधन को मिले हैं। बीजेपी के मनोज सोनकर नए मेयर बन गए हैं। बीजेपी ने 4 वोटों से ये जीत हासिल की है। जबकि 8 वोटें काउंटिंग में शामिल नहीं की गईं। यह वोट कैंसिल हुई है या कोई और वजह थी इसके बारे में अभी पता नहीं चला है।

हारी हुई बाजी कैसे जीती बीजेपी?

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में आप और कांग्रेस की जीत पक्की बताई जा रही थी। क्योंकि आप और कांग्रेस इस बार मिलकर बीजेपी को पटखनी देने के लिए मैदान में उतरी थी। 35 पार्षदों में से 20 पार्षद उनके थे और मेयर चुनाव में जीत के लिए 19 वोट चाहिए थे। बीजेपी की बात करें तो उसके पास सांसद किरण खेर का वोट मिलाकर कुल 16 वोट थे। लेकिन वोटिंग के बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कई पार्षदों के वोटों को कैंसिल कर दिया गया। कैंसिल किए गए वोटों की संख्या 8 बताई जा रही है।

अगर वोट कैंसिल न होते तो जीत जाता I.N.D.I.A

अगर आप और कांग्रेस के पार्षदों के वोट कैंसिल नहीं हुए होते तो I.N.D.I.A गठबंधन ये चुनाव आसानी से जीता जाता। क्योंकि 35 में से 20 पार्षद आप और कांग्रेस के थे। दोनों ही दल इस बार जीत को लेकर आश्वस्त थे। लेकिन ऐन वक्त पर उनके साथ खेला हो गया। जैसे ही वोटों की गिनती शुरू हुई तो आप कांग्रेस के पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसकी वजह थी उनके 8 वोट कैंसिल करना। 8 वोट कैंसिल होने की वजह से वो जीती हुई बाजी हार गए।